खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

धनतेरस आज

जबलपुर, शुक्रवार 10 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –02 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.







ICC CRICKET WORLD CUP
INDIA 2023

**आज के मैच**
दक्षिण आफ्रीका विरूद्ध अफगानिस्तान
समय - 2.00 दोपहर

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को जल्द निपटाने कहा है।

**चुहिया- हां प्रिये**- होना तो यही चाहिए, लेकिन कानून बनाने वाले माननीय ही पेंच पर पेंच फसाते रहते हैं।

## मध्यप्रदेश में मोदी और राहुल के तूफानी दौरे

# इस बार मप्र का भविष्य माताएं-बहनें तय करेंगे : मोदी



**सतना/छतरपुर/नीमच, देशबन्धु।** प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को मध्यप्रदेश के सतना, छतरपुर, नीमच में तीन आम सभाएं संबोधित कीं और कांग्रेस पर जमकर हमला बोलने के साथ ही फिर से यह ऐलान किया कि- मुफ्त अनाज योजना अगले पांच साल तक चलाई जायेगी।

उन्होंने कहा- इस बार मप्र का भविष्य माताएं-बहनें तय करेंगी। मोदी ने कहा मप्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अद्भुत काम किया है। हम जल्द ही देश को विश्व की तीसरी आर्थिक ताकत बनाएंगे। सतना में उन्होंने कहा कि- यहां बन्दूक की नलियों ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# सरकार में आते ही किसानों का कर्ज माफ करेंगे : राहुल



**सतना, भोपाल, अशोकनगर देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी मध्यप्रदेश में धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। गुरूवार को राहुल ने जहां अशोकनगर में एक भीड़ भरी आमसभा को संबोधित किया वहीं जबलपुर में उन्होंने बड़ा रोड-शो करने के बाद पूर्व विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रचार वाहन से विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि- प्रदेश में सरकार आते ही हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि- ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## संसद के शीतकालीन सत्र की हुई घोषणा

# 4 दिसम्बर से होगी शुरुआत, 22 तक होंगी 15 बैठकें

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** संसद के शीतकालीन सत्र की घोषणा कर दी गई है। यह सत्र 4 दिसम्बर से शुरू होकर 22 दिसम्बर तक चलेगा।

इसकी घोषणा शुक्रवार को संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने की। उन्होंने कहाकि यह सत्र नए संसद भवन में शुरू होगा। 19 दिनों तक चलने वाले सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी। अमृतकाल के बीच इस सत्र के दौरान विधायी कामकाज के साथ ही अन्य विषयो ंपर भी चर्चा की उम्मीद है। शीतकालीन सत्र में मुख्य रूप से भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम को बदलने वाले तीन प्रमुख विधेयकों पर विचार किए जाने की प्रबल ंसभावना है। हाल ही गृह मंत्रालय की स्थायी समिति ने इससे जुड़ी तीन रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इसके अलावा जिन अन्य विधेयकों पर चर्चा हो सकती है।






## सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से कहा-

# सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले जल्द निपटाएं, निगरानी भी रखें

## मौत की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने वर्तमान, पूर्व सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की निगरानी तथा शीघ्र निपटान के लिए गुरुवार को सभी उच्च न्यायालयों को स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।


मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन मामलों की प्रभावी निगरानी के उपाय विकसित करने की जिम्मेदारी उच्च न्यायालयों पर छोड़ते हुए कहा कि- उनसे निपटाने के लिए देश भर की ट्रायल अदालतों को एक समान दिशा-निर्देश देना मुश्किल होगा। शीर्ष अदालत ने अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका का निपटारा करते हुए सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निपटान के लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता देने सहित कई निर्देश जारी किया।


पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय न्यायिक और प्रशासनिक स्तर पर इन मुद्दों से निपट रहे हैं। वे उस स्थिति से अवगत हैं, जो उनकी हर जिला अदालत में मौजूद है। हम ऐसे तरीकों को विकसित करने के लिए इसे उच्च न्यायालयों पर छोड़ना उचित समझते हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सांसदों, विधायकों के लिए नामित अदालतों के संबंध में एक स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करेंगे, ताकि उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटान की निगरानी ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर











डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## जरायल-हमास युद्ध समाप्त कराने में योगदान दें भारत; मलेशिया

**नई दिल्ली।** मलेशिया के विदेश मंत्री जाम्ब्री अब्दुल कादिर ने कहा है कि मलेशिया, भारत और समान विचारधारा वाले अन्य देशों को इजरायल-हमास युद्ध समाप्त कराने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा, इस समय गाजा का मानवीय संकट व्यापक चिंता का विषय है। भारत के तीन दिनी दौरे पर आये कादिर ने कहा, गाजा में युद्ध तत्काल रुकना चाहिए और प्रभावितो तक सहायता पहुंचाने के लिए मानवीय गलियारा जल्दी खोला जाना चाहिए। कादिर ने कहा, मंगलवार शाम को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उनकी बातचीत में इजरायल-हमास संघर्ष पर व्यापक चर्चा हुई।


देशबन्धु

अपने पाठकों के लिए एक अनूठा उपहार जिसमें महालक्ष्मी, गणेश एवं सरस्वती जी




सबसे पहले, सबसे अच्छा

अपनी प्रति आज ही सुरक्षित कराएं

वितरण दिनांक- 11/11/2023


# जम्मू में पाकिस्तान की तरफ से फिर गोलाबारी, बीएसएफ जवान की मौत

**जम्मू, देशबन्धु।** पाक रेंजरों ने पाक सेना के साथ मिल कर जम्मू सीमा के कई गांवों में गोलों की बरसात कर उस समझौते की धज्जियां उड़ा दी हैं जो उसने दस दिन पहले भारतीय सीमा सुरक्षाबल के साथ किया था। गोलाबारी में एक बीएसएफ जवान शहीद हो गया है तथा कई घरों को जबरदस्त क्षति पहुंची है। बीएसएफ के दावानुसार, उस पार भी जवाबी कार्रवाई से भारी तबाही पहुंचाई गई है। इस बीच बीएसएफ के महानिदेशक ने कहा है कि पाकिस्तान आतंकियों को इस ओर धकेलने के लिए सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। सांबा जिले के पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है कि जम्मू सीमा के रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर सीमा क्षेत्र में तैनात बीएसएफ के हेड कांस्टेबल लाल फरण कीमा ने आज तड़के अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि देर रात 12 बजे के करीब पाक रेंजरों ने मोर्टार गोलों की बरसात कर बीएसएफ तथा सीमावासियों को चौंका दिया था। पाक रेंजरों ने अरनिया और रामगढ़ सेक्टर की कई सीमा चौकियों के अतिरिक्त कई सीमांत गांवों को सीधा निशाना बनाते हुए गोले दागे थे। चिंता की बात यह बताई जा रही है कि इन गोलों के निशाने अधिकतर नागरिक ठिकाने ही थे क्योंकि यह गोले जीरो लाइन से 3 से 4 किमी भीतर तक लैंड कर रहे थे।

### शोपियां मुठभेड़ में आतंकी ढेर

**गोलाबारी के कारण बच्चों में डर-** चिनाज सीमा चौकी क्षेत्र के गांव चानना के रहने वाले राजकुमार ने फोन पर बताया था कि गोलाबारी के कारण बच्चे डरे हुए हैं क्योंकि वे रातभर से घर के भीतर बनाए गए बंकर में ही छुपे हुए हैं। करीब दस दिनों से सीमांत क्षेत्रों में तनावपूर्ण माहौल था। हालांकि पाक रेंजरों ने 10 दिन पहले गोलाबारी कर भारी तबाही मचाने के बाद बिना उकसावे के गालीबारी न करने का जो समझौता किया था वह रात को तोड़ दिया था। वैसे यह कोई पहला अवसर नहीं था कि पाक सेना और पाक रेंजरों ने मौखिक और लिखित समझौतों की धज्जियां उड़ाई हों। अभी तक का रिकार्ड ऐसे समझौतों की उम्र सबसे कम एक घंटा रही है।बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि पाक सेना की इस कार्रवाई का कड़ा जवाब दिया गया है और उन्होंने सीमा पार पाक ठिकानों को जबरदस्त क्षति पहुंचाने का दावा भी किया। उनका कहना था कि पाक रेंजर ऐसी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं इसलिए सीमांत क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

**सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़-** शोपियां के कथोहलान इलाके में बुधवार देर रात सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें प्रतिबंधित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के एक आतंकी को मार गिराया गया। पुलिस ने बताया कि मारे गए आतंकी के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। अन्य आतंकियों की तलाश की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट में 3 न्यायाधीशों ने ली शपथ, संख्या हुई पूरी



**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई। इसके साथ ही शीर्ष अदालत के लिए निर्धारित कुल 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई। न्यायमूर्ति शर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे, जबकि न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति संदीप मेहता गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुरजेवाला को दी गिरफ्तारी से राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस महासचिव नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 23 साल पुराने कथित हिंसक विरोध प्रदर्शन मामले में राहत देते हुए उत्तर प्रदेश के वाराणसी की एक की ओर से उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) पर गुरुवार को पांच सप्ताह के लिए रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुरजेवाला द्वारा दायर एक रिट याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद अपना यह आदेश पारित किया।


FORM NO. 14 [See Regulation - 33 (2)]

By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**Office of the Recovery Officer - I/II**
**Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**

797- II, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/174/2023 21/10/2023

**CANARA BANK**
**VERSUS**
**MS OM TRADERS PANDEY**

**To (CD 1) Ms Om Traders Pandey Manish Kumar Shiv Shankar Pandey**
Ward No. 15 Near Maharshi School, Katni,-0
**(CD 2) Shri Manish Kumar Pandey**
Sai Puram Colony, Near Maharshi School, Kidwai Ward No. 15 Katni, Madhya Pradesh-0
**(CD 3) Smt Rekha Pandey**
Sai Puram Colony, Near Maharshi School, Kidwai Ward No. 15, Katni (M.P.) Katni, Madhya Pradesh-0

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/87/2019** an amount of **Rs 1803844.35 ( Rupees Eighteen Lakhs Three Thousand Eight Hundred Forty Four And Paise Thirty Five Only )** along with pendentellite and future interest @ **12%** Simple Interest Yearly w.e.f. **29/01/2019** till realization and costs of **Rs 21000 ( Rupees Twenty One Thousands Only )** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited). **2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under. **3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing **4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **28/11/2023** at 10:30 a.m. for further proceedings. **5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay. **(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings. **(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **21/10/2023**

**VAATSALYA KUMAR**
**Recovery Officer, Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**


# आचार समिति द्वारा महुआ की संसद सदस्यता खत्म करने सिफारिश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर लोकसभा में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खतरे में आ गई है। मामले की जांच कर रही आचार समिति ने गुरुवार को बहुमत के आधार पर उन्हें संसद से निष्कासित किए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। शुक्रवार को यह सिफारिश लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी जाएगी।

### पक्ष में 6 विपक्ष में 4 वोट पड़े

आचार समिति के अध्यक्ष विजय सोनकर ने बताया कि 10 में से 6 सदस्यों ने महुआ के निष्कासन के समर्थन में मतदान किया ,जबकि चार सदस्य इसके विरोध में रहे। उन्होंने कहाकि आज की बैठक समिति ने महुआ पर लगे आरोपों की रिपोर्ट चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जिन चार सदस्यों ने प्रस्ताव का विरोध किया, उन्होंने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह से ग्रस्त और दोषपूर्ण करार दिया। भाजपा सांसद विनोद सोनकर जहां आचार समिति के अध्यक्ष हैं, वही बतौर सदस्य इसमें भाजपा के वीडी शर्मा, डॉ. राजदीप रॉय, सुनीता दुग्गल, सुमेधानंद सरस्वती, अपराजिता सारंगी और सुभाष भामरे हैं। वहीं कांगेस से एन उत्तम कुमार रेड्डी, प्रणीत कुमार, वी वैथीलिंगम,बालासौरी वल्लभनैनी शामित हैं। इसके अलावा इसमें बसपा के दानिश अली, शिवसेना के हेमंत गोडसे, सीपीएम के पीआर नटराजन और जदयू के गिरिधारी यादव भी सदस्य हैं।

**महुआ ने रिपोर्ट लीक करने का आरोप लगाया-** इस बीच महुआ ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को खत लिखकर आचार समिति की रिपोर्ट एक निजी चैनल को लीक करने का आरोप लगाते इसे लोकसभा के नियमों का उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा है कि सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिस चैनल में यह खबर चल रही है,व ह अडानी समूह का है। जबकि उन पर उसी कारोबारी के बारे में सवाल पूछने का आरोप है। जबकि कारोबारी के पैसा समिति की गोपनीय रिपोर्ट समय से पहले ही पहुंच चुकी हैं।

# मणिपुर में हिंसा जारी, गोली लगे दो शव किए गए बरामद, अब तक 180 लोगों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी और पश्चिमी जिलों में गोली लगे हुए एक महिला सहित दो शव बरामद किए गए हैं। इस घटना की जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक बुधवार की रात इंफाल पश्चिम जिले के ताइरेनपोकपी इलाके के आसपास एक अधेड़ उम्र की महिला का शव मिला, जिसके सिर पर गोली लगी थी। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) भेजा गया है।

एक अन्य अधिकारी के अनुसार इंफाल पूर्वी जिले के ताखोक मापल माखा इलाके में एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी उम्र लगभग चालीस वर्ष के आसपास हो सकती है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी और हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए थे और सिर पर गोली के घाव थे। अधिकारी ने कहा, एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

### कई लोग हैं लापता

मृत महिला उन चार लापता व्यक्तियों में से एक मानी जा रही है, जिन्हें हाल ही में इंफाल पश्चिम जिले के कांगचुप तलहटी से अज्ञात पुरुषों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा था कि

**अब तक 180 लोगों की हो चुकी है मौत-** मई में पहली बार जातीय संघर्ष भड़कने के बाद से मणिपुर बार-बार होने वाली हिंसा की चपेट में है। तब से अब तक 180 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। झड़पें दोनों पक्षों की एक-दूसरे के खिलाफ कई शिकायतों को लेकर हुई हैं, हालांकि, संकट का मुख्य बिंदु मेइतीस को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का कदम रहा है, जिसे बाद में वापस ले लिया गया है और यहां रहने वाले आदिवासियों को बाहर करने का प्रयास किया गया है।

# बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक पास

## नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार भी भी जातीय गणना कराने की अपील

### 75 फीसदी आरक्षण का है प्रावधान भाजपा ने भी बिल का किया समर्थन अब विधान परिषद में रखा जाएगा

**पटना, देशबन्धु।** बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 को सर्व सम्मति से पास कर दिया गया।

इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी करने का प्रस्ताव है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने बिल को अपना समर्थन दिया है। अब यह विधेयक विधान परिषद में रखा जाएगा। जहां से पास होने के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून बन जाएगा। विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी अपील है कि केंद्र सरकार भी जातीय गणना कराए। उन्होंने केंद्र से भी आरक्षण बढ़ाने की मांग की है। सदन में सीएम ने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई है।

**भाजपा ने उठाया ईडब्ल्यूएस का सवाल -** विधेयक में ईडब्ल्यूएस के आरक्षण का जिक्र नहीं होने पर भाजपा ने सवाल उठाया। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि ईडब्ल्यूएस का आरक्षण दूसरे अधिनियम से लागू होगा। ईडब्ल्यूएस आरक्षण पहले की तरह लागू रहेगा। इसके अलावा बिहार सचिवालय सेवा संशोधन विधेयक 2023, बिहार माल और सेवाकर द्वितीय संशोधन विधेयक-2023 भी पेश किया गया।


अनुलग्नक 47

प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA

(प्रारूप C-1 )

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: आनंद सिंह

राजनीतिक दल का नाम : आम आदमी पार्टी

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : म.प्र. राज् परिषद्

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : बरगी विधानसभा

मैं आनंद सिंह (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ :

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम सिविल जज क्लास-II | RCT 260/2018 | विचाराधीन | 94, 323, 327, 427, 190, 506, 34 भा.द.वि. पाटन में अवैध वसूली करने वाले लोगों को समझाने पर हुए विवाद के कारण। |
| 2 | तृतीय सिविल जज क्लास-I | RCT 516/2020 | विचाराधीन | धारा 294, 323, 324, 506, 34, 379, 414 भा.द.वि. अवैध खनिज उत्खनन के आरोप के चलते झगड़ा। |
| 3 | तृतीय सिविल जज क्लास-I | RCT 1477/2021 | विचाराधीन | धारा 341, 323, 34 भा.द.वि. गलत तरीके से रोकने के आरोप के चलते। |
| 4 | 22 वां ए.डी.जे. जबलपुर | ST 259/2018 | विचाराधीन | धारा 449, 302, 34 भा.द.वि. एवं 25 व 27 आर्म्स एक्ट मृत्यु कारित घटना का आरोप। |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण - नहीं

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |



परिशिष्ट 43

(अध्याय 3 पैरा 3.8)

प्रारूप ग-1 से ग-3

प्रारूप ग-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की डब्ल्यूपी (सिविल) सं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 5 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार, (जनहित फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: राजेश पटेल पुत्र- श्री रामदास पटेल/ पता-33, पुरैना, तहसील-पनागर, जिला जबलपुर (म.प्र.) 483220

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस

(निर्दलीय अभ्यर्थियों को यहां ''निर्दलीय'' लिखना चाहिये)

निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा 2023

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 101 पनागर (सामान्य)

में राजेश पटेल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त उल्लिखित चुनाव का अभ्यर्थी अपने आपराधिक मामलों के बारे में निम्नलिखित जानकारी सार्वजनिक सूचना के लिए घोषणा करता हूँ :

| क्रम सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक अपराधों के लिए सजा के संबंध में मामलों का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या तथा मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा संबंधित और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेश की तारीख | अपराध (ओं) का विवरण और लगाया गया दण्ड |
| 1 | लागू नहीं है | लागू नहीं है | लागू नहीं है | न्यायालय श्रीमान पी.सी. गुप्ता जेएमएफसी जबलपुर 08/05/2002 | 279, 337 भा. दं. वि. और दंड रूपये 700.00 |

राज्यों की परिषद के चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेख करें।


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### इस बार मप्र का भविष्य.....

से संगीत के सुर निकल रहे हैं। मोदी ने मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा सबको सीख है, कांग्रेस आई, तबाही लाई और चल रही योजनाओं को बंद कर देगी। सतना की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मप्र में कांग्रेस ने दो ऐसे नेता खड़े किए हैं, जो कई दशकों से मध्य प्रदेश कांग्रेस को चलाते हैं,आजकल वो दोनों एक दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। यही नेता मप्र को दशकों तक अभाव में रखने के लिए जिम्मेदार हैं। ये आपके बेहतर भविष्य का भरोसा नहीं दे सकते। इनका तो अभी बस एक ही एजेंडा है कि 3 दिसंबर को भाजपा से हारने के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस पर किसका बेटा कब्जा करेगा। अपने बेटों को सेट करने के लिए वो पूरे मध्य प्रदेश को अपसेट करने में लगे हैं।

**गरीबों का हक छीनती है कांग्रेस-** कांग्रेस पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस किस तरह गरीबों का हक छीनती है, उसका जीता-जागता प्रमाण है फर्जी लाभार्थी घोटाला। जितनी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की आबादी मिलकर है, उतने फर्जी लाभार्थी कांग्रेस ने देश भर में कागजों में पैदा कर दिए थे। आपको एक सीख याद रखनी है, कांग्रेस आई, तबाही लाई, अगर गलती से भी कांग्रेस आ गई तो फिर आपको सरकार से मिलने वाली सारी मदद बंद कर देगी।

### सरकार में आते ही.....

भाजपा राज में मध्यप्रदेश बलात्कार, बोरोजगारी, दलित आदिवासी अत्याचार का केन्द्र बन गया है। एक तरफ बेरोजगार युवक हैं और दूसरी ओर कृषि मंत्री के बेटे का करोड़ों के लेन-देन का वीडियो सामने आ रहा है। राहुल गांधी ने दृढ़ता के साथ दोहराते हुए कहा कि वे देश में जाति आधारित जनगणना के पक्ष में हैं और पार्टी की सरकार बनने पर ऐसा होकर ही रहेगा। जाति आधारित जनगणना का अनेक अवसर पर समर्थन कर चुके श्री गांधी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अशोक नगर जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात दृढ़ता के साथ फिर दोहरायी। उन्होंने कहा कि चाहे जो भी हो जाए, देश में जाति आधारित जनगणना होकर रहेगी और इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी वर्ग को उनका हक दिलाया जाएगा। श्री गांधी का कहना है कि वर्तमान में ओबीसी, दलित और आदिवासियों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह यह है कि देश में इनकी संख्या कितनी है, इसके बारे में वास्तविक स्थिति पता नहीं है। जाति आधारित जनगणना होने पर यह स्थिति साफ हो जाएगी और फिर तीनों वर्गों को उनकी संख्या के हिसाब से उनके साथ न्याय किया जाएगा।

**हिंदी के साथ ही अंग्रेजी भी सीखें युवा-** श्री गांधी ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अंग्रेजी भाषा भी सीखें। वैश्वीकरण का दौर है और इसलिए इस भाषा का अपना महत्व है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे यह भी कहते हैं कि युवाओं को हिंदी भी बहुत अच्छे से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता हिंदी भाषा में पढ़ाई की बात करते हैं, लेकिन अपने बच्चों को शानदार अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ाते हैं।

राहुल ने कहा कि किसानों का कर्जा माफ किए जाने के साथ ही काफी रियायती दरों पर बिजली और रसोईगैस सिलेंडर लोगों को मुहैया कराए जाएंगे। गरीबों, किसानों और महिलाओं के कल्याण के काम भी होंगे।

# देश-प्रदेश

उवाच

## कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जाने का किया दावा

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 200 रुपये पेंशन देने की बात कही तो बीआरएस सरकार ने इसे बढ़ाकर 2000 रुपए कर दिया। मार्च के बाद पेंशन होगी तीन हजार,फिर प्रति वर्ष 500 रुपए बढ़कर पांच हजार रुपये पेंशन मिलेगा। हमने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए 1200 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जैसा पहले किसी ने नहीं किया। हमने आवासीय विद्यालय स्थापित किए हैं। हम कई कल्याणकारी कार्यक्रम चला रहे हैं। कांग्रेस ने बीआरएस सरकार द्वारा लागू किए जा रहे कार्यक्रम पूर्व में क्यों नहीं लागू किए उनका ऐसा करने का कोई इरादा नहीं है। हमने आसिफाबाद क्षेत्र में चेक डैम बनाए हैं।



### महू की सभा में बोले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू



**इंदौर, देशबन्धु।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू है, वह जहां जहां रहेगी भ्रष्टाचार होना ही है। श्री नड्डा ने यह आरोप इंदौर जिले के महू में भाजपा प्रत्याशी उषा ठाकुर के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां रहेगी वहां भ्रष्टाचार तो होना ही है। कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू हैं। दूसरी तरफ भाजपा का मतलब है आपकी तरक्की, आपका विकास, आपकी सरकार और आपके साथ प्रदेश को आगे बढ़ाना। इसलिए ये चुनाव सिर्फ उषा ठाकुर को विधायक बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये मध्यप्रदेश को आने वाले समय में और तेजी से आगे बढ़ाने का चुनाव है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने पहले पानी में पनडुब्बी का घोटाला किया। हवा में अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला और पाताल में कोयला घोटाला किया। इसके अलावा चावल घोटाला, चीनी घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम और मनरेगा घोटाला भी सामने आया था। श्री नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने घोटाले ही घोटाले किए। श्री नड्डा ने कहा कि 15 महीने की कांग्रेस की सरकार झूठ और छलावे की सरकार थी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस ने दस दिनों में किसानों की कर्ज माफी की बात कही थी, लेकिन कर्ज तो माफ नहीं हुआ, 11 लाख 97 हजार किसानों को डिफाल्टर बना दिया। श्री नड्डा ने कहा कि क्या ऐसे झूठ बोलने वाले, घोटाले करने वालों को सत्ता में आने देना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल में भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 2024 में अगर आप फिर श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे तो 2027 में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। श्री नड्डा ने कहा कि दवाइयों के क्षेत्र में भारत आज दुनिया को 168 प्रतिशत ज्यादा दवाई बेच रहा है। सबसे सस्ती दवाई और सबसे अच्छी दवाई आज भारत में ही बन रही हैं। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में हम नंबर तीन बन गए हैं। ये है भारतीय जनता पार्टी।

श्री नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने मध्यप्रदेश को विकास के रास्ते पर बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 2003 की तुलना में 10 गुना बढ़ गई है। प्रदेश का बजट 13 गुना बढ़ गया है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए निर्धारित बजट 57 गुना बढ़ गया है। प्रदेश में 34 नए रेलवे स्टेशन विकसित हो रहे हैं, हाईवे बन रहे हैं, इंदौर और भोपाल में मेट्रो के ट्रायल हो चुके हैं, ओवरब्रिज बन रहे हैं, वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं।

### सुरेजवाला ने लगाया आरोप, केन्द्र और राज्य सरकार ने नहीं दी राशि

## बुर्जुगों-दिव्यांगों को 7 माह से नहीं मिली पेंशन



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शिवराज सरकार पर सामाजिक योजनाओं पर ताला लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार वृद्ध एवं निशक्तजनों का हक छीन रही है और पिछले 7 महीनों से उनकी पेंशन का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को बुजुर्गों और दिव्यांगों का श्राप लगेगा, तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी।

उन्होंने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2023 माह तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने इसमें एक भी पैसा खर्च नहीं किया है। श्री सुरजेवाला ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन , मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन, मानसिक रूप से अविकसित बहु विकलांग को आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के करीबन 5451018 हितग्राहियों को उनकी तकरीबन 7 माह से उनकी पेंशन की राशि 3270610800 नहीं दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में भी सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए 168146.53 राशि का प्रावधान किया गया था। यह पूरी राशि केन्द्र से प्राप्त होनी थी, जो कि नहीं मिली है। सुरजेवाला ने कहा कि आने वाले समय में हम दस्तावेजी प्रमाण के साथ एक बड़ा खुलासा करेंगे। जिसमें ऐसी ही लगभग डेढ़ सौ से अधिक विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की हकीकत बताई जाएगी।

## बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की दी जा रही सुविधा



**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को पहली बार घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में 29 हजार 104 वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही मतदान किया है।

इसके साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में लगे 58 हजार 532 अधिकारियों-कर्मचारियों ने फैसिलेशन सेंटर और अत्यावश्यक ड्यूटी में शामिल 182 अधिकारियों-कर्मचारियों ने मतदान किया है। मतदान की प्रक्रिया अभी जारी है। यह सभी आंकड़े 7 नवंबर तक के है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने छिंदवाड़ा, बालाघाट व सिवनी जिले में कार्यकर्ता सम्मेलनों को किया संबोधित, कहा-

## भाजपा में बूथ कार्यकर्ता ही प्रत्याशी, वही चुनाव लड़ता है और जीतता है



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश का विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। केद्र में जब तक कांग्रेस की सरकार थी, विकास में अड़ंगा लगाती रहती थी, छिंदवाड़ा के कमलनाथ भी केंद्र में वर्षों मंत्री रहे, लेकिन छिंदवाड़ा और मध्यप्रदेश के विकास में जिस तरह का सहयोग देना चाहिए था, कभी नहीं दिया। अब छिंदवाड़ा की जनता कमलनाथ से ही पूछ रही है कि विकास क्यों नहीं किया। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने छिंदवाड़ा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बुधवार को छिंदवाडा, कटंगी, लांजी में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सम्मलेन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बूथ के कार्यकताओं को बूथ विजयी का संकल्प दिलाया।

**इस बार कमलनाथ क्लीन बोल्ड होंगे**- श्री शर्मा ने छिंदवाडा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग छिंदवाडा को अपना गढ़ मानते है उन्हें मैं कहना चाहता हूँ कि अगर छिंदवाडा किसी का गढ़ है तो वह भाजपा सरकार की योजनाओं का गढ़ है। हर बूथ और हर घर तक भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनायें पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। भारतीय जनता पार्टी एक-एक बूथ पर चुनाव लड़ रही है। मैं इस बार का जो उत्साह और उमंग कार्यकर्ताओं व जनता जनार्दन में देख रहा हूँ, मुझे विश्वास है कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से मध्यप्रदेश और छिंदवाड़ा मे इस बार कमलनाथ क्लीन बोल्ड होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं को छिंदवाडा की सातों विधानसभा सीट जीतने का संकल्प दिलाया। श्री शर्मा ने कहा कि मैं अभी प्रवास पर बूथ पर जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहा हूँ।

कार्यकर्ताओं में जो उमंग, उत्साह और प्रोत्साहन दिख रहा है, वह अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जी ने बूथ जीतने का जो मन्त्र दिया है, उस मन्त्र को याद दिलाने के लिए आप के बीच आया हूँ, कि प्रत्येक बूथ पर हमें माइक्रो प्लानिग से चुनाव लड़ना है। अगर हमने बूथ पर चुनाव जीत लिया तो विधानसभा के चुनाव में हमारी विराट विजयी होगी।

### महुआ मामले का लोकपाल ने भी लिया संज्ञान

## लोकपाल ने दिए सीबाआई जांच के आदेश!

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर लोकसभा में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। अभी आचार समिति मामले की जांच कर ही रहा था कि अब लोकपाल ने भी मामले में संज्ञान लेते सीबीआई जांच का आदेश दे दिया है। यह जानकारी शिकायतकर्ता भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दी है। दुबे ने दावा किया है कि पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में अब लोकपाल ने सीबीआई जांच का आदेश दिया है।

उन्होंने ट्वीटकर कहाकि लोकपाल ने उनकी शिकायत पर आरोपी महुआ मोइत्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा को गिरवी रखकर भ्रष्टाचार करने के मामले में सीबीआई जांच का आदेश दे दिया है। बतादें कि हाल ही भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेकर अडानी समूह के मामले में टीएमसी सांसद मुहुआ मोइत्रा ने लोकसभा में कई सवाल पूछे थे।

उन्होंने कहा है कि हीरानंदानी ने महुआ के सांसद वाले लॉगिन का इस्तेमाल कर विभिन्न स्थानों से अडानी समूह से जुड़े प्रश्न दर्ज किए थे। इस मामले में लोकसभा की आचा समिति जांच कर रही है। सभी पक्षों को समन कर पूछताछ की जा चुकी है। अब 9 नवम्बर को समिति के सदस्य बैठक कर मामले में जरूरी कार्रवाई की सिफारिश कर सकते हैं।

## महुआ बोलीं, नई जांच जोक पाल से कम नहीं

निशिकांत दुबे की पोस्ट के 40 मिनट बाद महुआ ने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा- सीबीआई पहले 13 हजार करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में अडानी पर एफआईआर करे। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा यह है कि कैसे संदिग्ध एफपीआई स्वामित्व वाली (चीनी और संयुक्त अरब अमीरात सहित) अडानी की कंपनियां गृह मंत्रालय से क्लियरेंस के बाद पोर्ट-एयरपोर्ट खरीद रही हैं।

महुआ ने लिखा पहले सीबीआई मेरे इन दो सवालों का जवाब दे। इसके बाद वह मेरे घर आए और मेरे जूते गिन ले। क्या लोकपाल को सिर्फ मेरे केस के लिए जिंदा किया गया है। गंभीर सवाल यह है कि कितने पत्रकारों को यह भी पता था कि मोदी के भारत में एक लोकपाल भी काम कर रहा है? इस केस में नई जांच जोक पाल से कम नहीं है। यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मोदीजी का लोकपाल अस्तित्व में है। कुछ चुनिंदा लोगों को इसके बारे में जानकारी कैसे मिली। लोकपाल ऑफिस ने बयान जारी क्यों नहीं किया?

## सदस्यता शुल्क जमा न करने पर नहीं मिलेगी सहायता

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिवक्ताओं ने मासिक सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया है, वे अविलंब जमा कर दें। ऐसा इसलिये, क्योंकि सदस्यता कायम न रहने पर सहायता नहीं मिलेगी। यही नहीं विभिन्न योजनाओं के लाभ से भी वंचित कर दिया जाएगा। जिला बार अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि चार दिसंबर तक शुल्क जमा न किये जाने पर उक्त संबंध में कठोर निर्णय लिया जायेगा।

## बुआ से छेड़छाड़ करने वाले भतीजे को एक साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने बुआ के साथ छेड़छाड़ करने वाले भतीजे को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी दिलीप सिंह को एक साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता मजदूरी करती है। 4 अप्रैल 2019 को जब महिला का पति और बेटा घर पर नहीं थे, उसी समय रात्रि करीब 8 बजे आरोपी दिलीप आया और फूफा के संबंध पूछताछ करते हुए महिला के साथ जबरदस्ती करने लगा।

## भाजपा को गुढ़ में मिल रही है कड़ी चुनौती

**रीवा, देशबन्धु।** गुढ़ में भाजपा के वयोवृद्ध नेता नागेंद्र सिंह, 80 वर्ष की उम्र में फिर प्रत्याशी है। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी कपिध्वज सिंह कड़ी टक्कर दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने युवा प्रखर प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है जो अमेरिका में बड़े पैकेज वाली नौकरी छोड़ चुनावी राजनीति में कूद पड़े हैं। यहां बसपा के राह नइखे प्रत्याशी है तो जमाने बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी लालमन त्रिपाठी के रूप में अपना प्रत्याशी उतारा है। उल्लेखनीय है कि 1990 में यहाँ से सीपीआई के विशंभरनाथ पांडेय विधायक चुने गये थे।

बदवार में एशिया का सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र और रीवा-सीधी के बीच सबसे बड़ी और खूबसूरत सुरंग बनाने के बावजूद भाजपा मुश्किल में हैं। दरअसल, कपिध्वज सिंह 2018 के चुनाव में वे सपा प्रत्याशी के रूप में दूसरे नंबर पर रहे थे जबकि कांग्रेस के सुंदरलाल तिवारी तीसरे स्थान पर खिसक गये थे। इस बार कांग्रेस ने कपिध्वज सिंह को अपना उम्मीदवार बना कर भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है। गुढ़ गांव के एक युवा रोहित सिंह ने कहा कि नागेंद्र सिंह को विकास पुरुष बताया जाता है लेकिन सच कुछ और है। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट में क्षेत्र के लोगों को रोज़गार नहीं मिला। जो उत्पादन होता है वह दिल्ली और दूसरे राज्यों को जाता है। इसी तरह रायपुर के पहाड़िया गांव में लगाये गए कचरा प्लांट से नौ मेगावाट रोज उत्पादन होता है, लेकिन उसका फायदा भी क्षेत्र को नहीं मिला। ट्रांसफार्मर खराब हो जाए और विधायक से कहो तो वे कहते हैं कि मैं लाइट नहीं बनाता। यह बिजली विभाग का काम हैं। मोहनिया टनल बनाया है सीधी जाने के लिए। गुढ़ के लोग रीवा जाते हैं। पहले आने-जाने का टोल 35 रुपये था जो लगभग तीन गुना बढ़कर 95 हो गया है।

रोहित ने यह भी बताया कि गुढ़ में फिल्टर प्लांट भी लगाया गया है, लेकिन उसमें नाले का पानी मिल जाता है और दूषित पानी की आपूर्ति की जाती है। हरदी ग्राम पंचायत में नीचे टंकी बना दी और बस्ती ऊपर बसी है। इससे वहाँ पानी नहीं चढ़ पाता। दूसरी तरफ वीरेंद्र यादव कहते हैं कि 15-16 हजार की आबादी वाले गांव में एक श्मशान घाट नहीं है। पहले जो जो घाट था वह जगह स्टेडियम के लिये दे दी गई। अब वहां अंतिम संस्कार नहीं करने देते, लकड़ियां फेंक देते हैं। निजी जमीनों के किनारे मुर्दे जलाए जा रहे हैं। इस बीच स्टेडियम की चारदीवारी गिर गई तो उसे भी नहीं बनवा पाए। इस स्टेडियम का काम दस साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

दीपू सिंह कहते हैं कि कपिध्वज सिंह को लोग भैया साब कहते हैं। पिछली बार वे हार गए थे, लेकिन इस बार जीतेंगे। उनके लिए तो ये एकतरफा चुनाव है। नसीम खान ने बताया कि आज हर आदमी बदलाव चाहता है। नागेंद्र सिंह जी की उमर हो गई है। अब उन्हें रिटायर हो जाना चाहिए। गोरगांव खजबा में लोगों ने बातचीत में रुचि नहीं दिखाई, लेकिन यहाँ कांग्रेस-भाजपा दोनों के समर्थक मिले। कुछ लोगों का आरोप था कि नागेंद्र सिंह ने काम नहीं किया। मार्केट रोड आज तक नहीं बना। उधर भाजपा समर्थकों का कहना है कि यहां बहुत काम हुआ है इसलिए नागेंद्र सिंह ही जीतेंगे।

दलित-आदिवासी बहुल गांव कौआडान और चंदिपुर में कोई बात करने को ही तैयार नहीं हुआ। वे पूछने लगते कि आप ही बता दो हम किसे वोट दें। बदवार गांव में लालमन त्रिपाठी का नाम सुनने को मिला। वे बड़ागांव के हैं और कुछ समय पहले हुए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में विजयी हुए थे।

फूलचंद नाई ने बताया कि उस चुनाव में भी करोड़पति उम्मीदवार उनके सामने थे लेकिन उन्होंने अच्छे खासे वोटों से चुनाव जीता था। उनके पास महज एक बाइक है, उसी से पूरे इलाके का दौरा करते रहते हैं। हम आप जैसे किसी से भी वो पेट्रोल भरवा लेते हैं। वे हमेशा गरीब की लड़ाई लड़ते हैं।

मनीष पाठक ने बताया कि बदवार गांव में सभी को मिला जुला वोट जाएगा। नागेंद्र सिंह को लेकर लोगों में नाराज़गी है, लेकिन उन्होंने काम भी किये हैं। सडकें बनवा दीं, नहरें बिछा दीं। लेकिन उधर महंगाई और गरीबी भी भाजपा सरकार के कारण ही बढ़ी। भीटी गांव में जीडी पाठक नाम के बुजुर्ग लगातार बढ़ती महंगाई और भाईचारे को ख़त्म करने की साजिश से दुखी नज़र आए। सुरसामनि गांव में विश्वनाथ यादव भाजपा को पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें फिर भाजपा सरकार चाहिए। लोग मोदी को देख कर वोट दे रहे हैं।

उधर सायरा बानो नाम की महिला दुकानदार ने बताया कि उन्हें लाड़ली बहना योजना का पैसा मिल रहा है। अनाज भी मिलता है, मगर आवास का पैसा नहीं मिला। मुहम्मद शौकत कहते हैं कि लोग भले ही नाराज़ रहें, मगर वोट भाजपा को ही देते हैं। उनके अनुसार सरकार विकास का पैसा भेजती है, लेकिन उसे अधिकारी दबा लेते हैं और गांव को लाभ नहीं मिल पाता।

## त्योंथर में तगड़ी है बदलाव की बयार

• रीवा से नरेंद्र कुमार मौर्य

**रीवा, देशबन्धु।** हम त्योंथर पहुँचने ही वाले थे कि ड्राइवर अब्दुल ने बताया कि देखो राहुल भैया जा रहे हैं। दो बड़ी गाड़ियाँ आगे निकल गई। हम उनके पीछे ही थे। त्यौंथर के कुछ पहले भगवानपुर दुअरा गांव में पता चला कि यहाँ कांग्रेस की विशाल जनसभा है जो वाकई हर लिहाज से विशाल ही थी। बहुत बड़ा खूबसूरत पंडाल, सुंदर द्वार, जहाँ अजय सिंह राहुल की मुस्कुराती हुई तस्वीर है। शानदार मंच और उसके सामने लोगों का हुजूम। जितने बैठे उससे ज़्यादा खड़े हुए। ख़ास बात ये कि इस सभा में पूरे विंध्य क्षेत्र के मतदाताओं में आने वाले बदलाव की झलक दिखाई दे रही थी।

शुरुआत में हर स्थानीय नेता के भाषण के बाद भाजपा के 20-25 नेता-कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए, उनके नाम बताए गए और अजय सिंह ने चुनाव चिन्ह वाला गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया और वहां मौजूद लोगों से भी नए सदस्यों का स्वागत करने को कहा। अजय सिंह राहुल के अलावा वहां कांग्रेस के दो और उम्मीदवार - रमाशंकर सिंह (त्योंथर) और राम गरीब कोल (सिरमौर) भी थे। सबसे दिलचस्प मौजूदगी अरुणा तिवारी की थी जो हाल ही में भाजपा में शामिल होकर प्रत्याशी बने सिद्धार्थ तिवारी की भाभी हैं। उन्होंने भाषण भी दिया।

सबसे दिलचस्प और सरल ढंग से राम गरीब कोल ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा - बहुत लोग बोलने वाले हैं, मैं चट्ट पट्ट करके अपनी बात खत्म करूंगा। उन्होंने बताया कि राहुल भैया ने कहा था कि भाजपा गरीब को टिकट नहीं देगी लेकिन कांग्रेस जमात में रामगरीब भी है। उन्होंने मुझे टिकट दिलवाई। जब टिकट मिल गई तब जो दावेदार थे, वे भी साथ आ गए। त्योंथर में भी ऐसा ही हुआ। उन्होंने आदिवासियों को आगाह किया कि वे गुमराह न हों। आदिवासियों ने भी हाथ उठा कर उन्हें भरोसा दिलाया। सभा में शामिल हुए लोग आसपास के गांवों से थे। वे उत्साह के साथ झूमते रहे और आपस में बतियाते भी रहे। लेकिन सभा और अपने नेताओं के प्रति उनका जुड़ाव साफ नज़र आ रहा था।

आगे भी हमने लोगों से बातचीत में भी बदलाव की बयार को महसूस किया। नजदीकी पंचामा गांव में तहसील और तमाम सरकारी दफ़्तर हैं। यहां डॉ. बीडी सिंह ने कहा कि कांग्रेस की संभावनाएं ज़्यादा हैं। दूसरे नंबर पर बसपा रहेगी। भाजपा तीसरे पर जा सकती है। इसका कारण है बढ़ती महंगाई और बेरोज़गारी। वे भाजपा से बहुत नाराज़ हैं। कहने लगे भाजपा फंसाने के लिए ईडी लगा देती है। जैसे बस वही दूध की धुली है। उसने राहुल गांधी को परेशान किया। अब आम आदमी पार्टी के नेताओं को परेशान कर रही है। वह समझ जाये कि जनता सब देख रही है। लेकिन विष्णुकांत कुशवाहा ने कहा कि भाजपा आगे है, वह जीत सकती है। उधर लालमन द्विवेदी बोले कि यहाँ त्रिकोणीय संघर्ष है। बसपा बहुत पीछे नहीं है। त्योंथर में आशीष दुबे ने भाजपा के जीतने की बात कही। उन्होंने बताया यह रमाकांत तिवारी का क्षेत्र है। उनके पुत्र कौशलेष तिवारी टिकट के दावेदार थे। टिकट न मिलने से नाराज़ थे लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज और राजेंद्र शुक्ल ने उन्हें मना लिया। अब सिद्धार्थ तिवारी के लिए काम कर रहे हैं। मुख्य बाज़ार में अमर द्विवेदी ने त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना जतायी, लेकिन यह भी कहा कि जनता बदलाव चाहती है। महंगाई और बेरोजगारी इतने बड़े मुद्दे है कि बदलाव निश्चित है। उन्होंने तंज कसा मामा बहनन को देखत है, भैया का करी।

वार्ड नं. 4 के पप्पू अंसारी ने बताया कि वे बकरियां खरीदने का काम करते है इसलिए एक आदिवासी के पास गए थे। आदिवासी ने बातचीत में कहा था कि वो तो पंजे को ही वोट देगा। अंसारी के अलावा बशीर बख्श और संजय तिवारी ने भी कहा कि हम भी बदलाव चाहते हैं। वे बोले कि हमारे यहाँ जैसी गदंगी आपको कहीं नहीं मिलेगी, भ्रष्टाचार भी बहुत है। सड़क बनी नहीं कि महीने भर में ही उखड़ गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं है।

ट्रैक्टर ड्राईवर टीएस खान मे कहा कि पांच सौ लड़कियाँ नदी पार करके पढ़ने आती हैं। उन्हें प्राइवेट नाव से आना पड़ता है वो जब फुल हो जाती है, तभी चलती है। त्योंथर में महिला शौचालय नहीं है। गुरुवार-रविवार को बाज़ार लगता है। बहुत महिलाएं आती है। नगरपालिका ने कोई व्यवस्था नहीं की। सड़क के हाल क्या है, आप देख ही रहे है। इसलिए त्योंथर की जनता बदलाव चाहती है। वैसे बसपा ने भी यहाँ अपनी पकड़ बनाई है।

त्योंथर से चार किलोमीटर ही दूर सोहागी एक बड़ा गांव है। यहाँ चाय की दुकान पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा, तीनों के चाहने वाले मिल गए। झिरिया की एक महिला, रानी ने बिना किसी संकोच के कहा कि वे मोदी की इतनी बड़ी भक्त हैं, कि उनके नाम की दो अगरबत्ती रोज़ जलाती हैं। वहाँ मौजूद एक युवा आशीष गुप्ता ने कहा कि बेरोजगारी बहुत हैं, नौकरी नहीं है। पटवारी भर्ती तक नहीं हो पाई। कितने घोटाले हो गए!

परमानंद तिवारी कहने लगे कि कांग्रेस-भाजपा में बराबर का मुकाबला है। लेकिन बसपा के देवेंद्र सिंह भाजपा को नुकसान पहुँचा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस सीट निकाल सकती है। राम प्रसाद ने भी कहा कि जनता बदलाव चाहती है। महंगाई बहुत है। जीना मुश्किल हो गया है। रामगणेश ने बताया कि भ्रष्टाचार के चलते उनकी बेटी की आँगनबाड़ी में नियुक्ति नहीं हो पाई। उसका सलेक्शन हो गया था मगर में बाद उसकी जगह किसी और को नौकरी दे दी गई। उसने पैसे देकर नौकरी खरीद ली। हम जांच की मांग कर रहे हैं, मगर कौन सुनता है ! आचार संहिता के दौरान उसको नियुक्ति दी गई।

सोहन लाल भी कहने लगे कि हमारे बच्चे पढ़ लिख गए, मगर नौकरी नहीं है। भाजपा ने सबको बेरोजगार कर दिया। हम चाहते हैं अब कोई और सरकार बने। लेकिन रमानिवास मिश्रा और सुरेंद्र प्रसाद शर्मा को भाजपा सरकार का विकास पसंद है। उन्होंने बताया कि सरकार ने कई अच्छी योजनाएं चलाई है। हर किसान और बहनों के अकाउंट में पैसा आ रहा है। बिजली मिल रही है। सड़क बन गई है। सरकार अनाज भी दे रही है। चूड़ी दुकान चलाने वाली युवा लड़की दुर्गा साकेत कहती हैं कि सरकार महंगाई बहुत बढ़ा रही है, इसे कम करना चाहिए। बच्चियों को पढ़ाई में छूट देनी चाहिए। बिजली माफ़ हो और आवास में मदद मिले। उषा साकेत ने कहा कि पानी की बहुत दिक्कत है। बड़ी दूर से पानी लाना पडता है। इसलिए हम बदलाव चाहते हैं और भाजपा सरकार को हटाना चाहते हैं। देवी दयाल सिंह ने भी यही कहा कि जनता बदलाव चाहती है। भाजपा सरकार से सब ऊब गए हैं। मामा तो बन गए पर फर्ज नहीं निभा पाए। अब बहना लाड़ली हो गई, 18 साल कहाँ थे! उन्होंने रामलखन सिंह को याद किया जो रमाशंकर सिंह के पिता हैं और जनता पार्टी से यहाँ के विधायक रहे। उन्हें अर्जुन सिंह ने बुलाया पर वे गए नहीं। उनके जमाने में ही सोहागी में हैंडपंप लगे थे जो आज भी काम कर रहे हैं। झिरिया, सोहागी पहाड़ पर एक दुकान के पास तखत पर कुछ लोग बैठे थे। हम बात करने पहुँचे तो पहले एक ने कहा के सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। वहां बैठे हरिशंकर मिश्रा बोले कि यहां भाजपा का ज़ोर है। यहाँ जाति के आधार पर चुनाव होता है। ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र है इसलिए भाजपा के जीतने की संभावना ज्यादा है। मुख्यमंत्री आये थे तो 25 हज़ार की भीड़ जुटी थी।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस प्रत्याशी रमाशंकर सिंह, भाजपा के सिद्धार्थ तिवारी और बसपा प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह के अलावा आम आदमी पार्टी से महर्षि सिंह गोलू, सपा से त्रिनेत्र शुक्ला और विंध्य विकास पार्टी से अरुण गौतम उम्मीदवार है। इनके अलावा कुछ निर्दलीय भी मैदान में हैं।

जबलपुर, शुक्रवार 10 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# वाकई जल्दी निपटें सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामले

सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश भर के हाई कोर्टों को आदेश दिया है कि वे जिला न्यायालयों में ऐसे लम्बित मामलों की नियमित निगरानी करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई निश्चित समयावधि सम्बन्धी निर्देश नहीं दिए जा सकते लेकिन उच्च न्यायालय स्वत: संज्ञान लेकर ऐसे मामले दर्ज करें और उनकी मॉनिटरिंग करें। विशेष रूप से उन मामलों को प्राथमिकता दी जाये जिनमें उम्र कैद या फांसी की सजा का प्रावधान हो। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा अन्य सदस्य हैं। बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट ऐसे मामलों पर तेजी से सुनवाई के लिए विशेष बेंच भी बना सकते हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के निपटारे के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को स्वत: संज्ञान लेना होगा। अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित मुकदमों की प्रभावी निगरानी और निपटान हेतु कार्यवाही को तेज़ करें। इन प्रकरणों की सुनवाइयों को हाईकोर्टों को वेबसाइटों पर डालने का भी आदेश बेंच द्वारा दिया गया जिससे जनता को पता चलता रहे कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ किस प्रकार के मामले लम्बित हैं और उन पर कोर्ट की सुनवाई में क्या हो रहा है।

मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ के निर्देशानुसार ये विशेष पीठें ज़रूरत पड़ने पर मामलों को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती हैं। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ऐसे मामलों के जल्दी और प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश भी जारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि विशेष पीठ का नेतृत्व उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश कर सकते हैं। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि मौत की सजा या आजीवन कारावास वाले मामलों के बाद पांच साल से अधिक की जेल की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय उन मामलों की भी सूची तैयार करेंगे जिन प्रकरणों पर रोक लगा दी गई है और ऐसे मुकदमों में तेजी लाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश दिया गया जिसमें मांग की गई थी कि देश भर की अदालतें वर्तमान और पूर्व सांसदों-विधायकों के विरूद्ध लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं। इसकी सुनवाई के दौरान बताया गया कि पूरे देश में वर्तमान व पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ 5175 प्रकरण लम्बित हैं। 2116 (करीब 40 फीसदी) मामले तो 5 साल से अधिक समय से लम्बित हैं। सर्वाधिक 1377 मामले उत्तर प्रदेश में हैं। दूसरे क्रमांक पर बिहार है। यहां 546 प्रकरण हैं। महाराष्ट्र में ऐसे 482 मामले लम्बित हैं।

उल्लेखनीय है कि 2014 में भी एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ प्रकरणों का निपटारा आरोप तय होने के एक वर्ष के भीतर निपटा दिया जाना चाहिए। यहां यह भी स्मरणीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश का नेतृत्व सम्भाला था, तब उन्होंने भी ऐसा ही कुछ मंतव्य जाहिर किया था जिससे लोकतंत्र और न्यायपूर्ण समाज में आस्था रखने वाले लोगों को यह उम्मीद बंध चली थी कि अब अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाले लोग बेधड़क संसद के सदनों और विधानसभा-विधान मंडलों में नहीं पहुंच पाएंगे। चूंकि मोदी उस भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व करते हैं जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बात करती थी, उसी के बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि बनकर इन सदनों में न केवल प्रवेश पा रहे हैं बल्कि बड़े ओहदों पर भी काबिज हो रहे हैं तथा पार्टी में भरपूर सम्मान पा रहे हैं। बहुत से लम्बित मामले ऐसे हैं जिनमें भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता है। वैसे यह भी सच है कि सिर्फ भाजपा के लोगों के खिलाफ गम्भीर प्रवृत्ति के अपराध जर्ज नहीं हैं बल्कि लगभग सारे ही राजनैतिक दलों का यही हाल है।

कुछ अरसा पहले एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) ने बताया था कि आपराधिक रेकार्ड के लोग हर दल से शर्तिया जीतते हैं। इस कारण वे सभी दलों की पहली पसंद होते हैं। इसीलिये बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग विधायिकाओं में पहुंचते हैं और अपने पद, प्रभाव तथा पैसों के बल पर अपने खिलाफ जारी जांच व मुकदमों को या तो रुकवा देते हैं या उनकी गति को धीमा करवा देते हैं। इन प्रकरणों के बावजूद वे चुनाव लड़ते हैं, जीतते हैं और कार्यकाल पूरा कर लेते हैं।

तमाम निराशाजनक तस्वीर के बावजूद सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला और हाई कोर्टों को दिया निर्देश आशा की किरण के रूप में देखा जा सकता है बशर्ते कि उच्च न्यायालय बगैर दबाव व प्रभाव में आये तथा भारी-भरकम फीस लेकर मामले लड़ने वाले उनके हाई प्रोफाईल वकीलों के दांव-पेंचों से निकलकर वाकई कथित बड़े लोगों के प्रकरणों को शीघ्रताशीघ्र निपटाये और देशवासियों को एक साफ-सुथरी लोकतांत्रिक व्यवस्था देंगे। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों को इसका भी रास्ता निकालना होगा कि वह कैसे सत्ताधारी दलों द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अपने सांसदों, विधायकों, मत्रियों आदि के खिलाफ थानों में दर्ज व न्यायालयों में लम्बित मामलों को ही समाप्त कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने ही 2022 में सभी राज्यों को सांसदों-विधायकों के खिलाफ लम्बित प्रकरणों की सुनवाई के लिये विशेष कोर्ट बनाने के लिये कहा था पर केवल 12 राज्यों ने ही उसका पालन किया है।

# सामाजिक-आर्थिक सर्वे से नीतीश ने भाजपा को पछाड़ा

■ अरुण श्रीवास्तव

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि नरेंद्र मोदी उनकी राजनीतिक कौशल और प्रशासनिक कुशलता की बराबरी नहीं कर सकते। हालांकि मोदी के मध्यम वर्ग के भक्त दावा करते हैं कि उन्हें पूरी समझ है कि अपने प्रतिद्वंद्वी को कब और कैसे पछाड़ना है। मंगलवार को जाति जनगणना के सामाजिक-आर्थिक आंकड़े जारी करने का नीतीश का कदम स्पष्ट संदेश देता है कि उनके पास और भी बहुत कुछ है जिनमें सामाजिक समावेशन के साथ-साथ राजनीतिक समय दोनों के महत्व की गहरी समझ शामिल है।

मोदी द्वारा भारत के लोगों से किये गये सभी वायदे - चाहे वह उनके बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करने के बारे में हों, या दलितों और गरीबों के आर्थिक दुखों को दूर करने के बारे में हों, या भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में हो- केवल जुमले ही साबित हुए हैं जिन्हें राजनीतिक कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। नीतीश ने संचयी आरक्षण को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया। गौरतलब है कि इस प्रस्ताव पर उसी शाम बिहार कैबिनेट की मुहर लग गई। उन्होंने समाज के गरीबों और वंचित वर्गों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी उपाय शुरू किये।

बिहार में वर्तमान में कुल 60प्रतिशत आरक्षण है- अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अत्यंत पिछड़ी जाति (ईबीसी) और अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) के लिए 50 प्रतिशत; और सामान्य श्रेणी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए अतिरिक्त 10प्रतिशत। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 1990 के बाद से अपने विभिन्न निर्णयों के माध्यम से सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण पर 50प्रतिशत की सीमा लगा दी है, लेकिन नीतीश अपनी योजना पर आगे बढ़ेंगे।

7 नवंबर को, महागठबंधन सरकार ने जाति सर्वेक्षण की सामाजिक-आर्थिक रिपोर्ट को बिहार विधानसभा के पटल पर रखने का निर्णय लिया, क्योंकि भाजपा ने अपने मीडिया मित्रों के समर्थन से एक सार्वजनिक कथा बनाने की कोशिश की कि सर्वेक्षण फर्जी था और राज्य सरकार ने भाजपा को बदनाम करने के लिए निष्कर्षों में हेरफेर किया है। मोदी-अनुकूल मीडिया का एक वर्ग तो यहां तक भविष्यवाणी कर चुका था सामाजिक-आर्थिक रपट कभी सामने नहीं आयेगी।

फिर भी, भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा फैलाये गये बहुत से झूठ के खिलाफ, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रिपोर्ट जारी करने में कामयाब रहे, जिसने अनिवार्य रूप से भाजपा द्वारा ऊंची जातियों के एकमात्र शुभचिंतक होने की बनाई गई नकली कहानी को तोड़ दिया। आंकड़े निस्संदेह बिहार से संबंधित हैं, लेकिन तथ्य पूरे देश के लिए व्यापक आधार प्रदान करते हैं।

वास्तव में रिपोर्ट ने इस मिथक की सत्यता को उजागर किया कि ऊंची जातियां समृद्ध हैं। सर्वेक्षण में यह तथ्य उजागर हुआ कि चार उच्च जातियों भूमिहार, ब्राह्मण, राजपूत और कायस्थ के लगभग 30प्रतिशत लोग गरीब हैं और गरीबी के साये में रहते हैं।

बेशक, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि बिहार सरकार जाति के अनुसार भूमि जोत की प्रकृति पर भी रिपोर्ट जारी करेगी और यह सामने लायेगी कि किस जाति के पास सबसे अधिक एकड़ जमीन है। लेकिन सरकार ने मौजूदा रिपोर्ट में इसे जारी नहीं किया। हालांकि, गरीबी की प्रकृति और उच्च जाति के गरीबों का प्रतिशत, एक झलक प्रदान करता है कि भूमि का एक बड़ा हिस्सा उच्च जाति के जमींदारों के एक छोटे से वर्ग के स्वामित्व में है। राज्य में भूमि सुधार लाने के कई कदम जमींदारों की पकड़ को तोड़ने में बुरी तरह विफल रहे हैं और यह लगभग 40प्रतिशत आबादी के लगातार कंगाल होने का प्राथमिक कारण रहा है।

सामाजिक-आर्थिक स्थिति रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि बिहार में एक तिहाई से अधिक परिवार गरीब हैं और 6,000 रुपये या उससे कम की मासिक आय पर गुजारा कर रहे हैं, जबकि 42 फीसदी एससी-एसटी परिवार इसी आय पर जीवनयापन करते हैं। रिपोर्ट का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह अमित शाह के खोखलेपन और राजनीतिक दिवालियापन को उजागर करता है, जिन्होंने केवल सार्वजनिक रूप से सर्वेक्षण का मजाक उड़ाया और बिहार के सीएम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

शाह के इनकार और नीतीश पर दोषारोपण के मजबूत राजनीतिक निहितार्थ हैं। यह रिपोर्ट, कम से कम राज्य में, थोड़ी भी समृद्धि लाने में मोदी की विफलताओं को उजागर करती है। फिर भी, प्रधानमंत्री यह दावा करते नहीं थकते कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद ही भारत सही अर्थों में स्वतंत्र हुआ। लोगों की उनसे बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन बिहार की जाति-आधारित सामाजिक-आर्थिक स्थिति रिपोर्ट एक मजबूत राजनीतिक संदेश भेजती है कि मोदी अपने समर्थकों और भक्तों का भी कल्याण करने में विफल रहे।

> बिहार जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों और इसके सामाजिक-आर्थिक, भूमि स्वामित्व और अन्य परिणामों में 2024 में वोट जीतने के लिए हिंदू एकीकरण और ध्रुवीकरण की आरएसएस और भाजपा की राजनीति को गंभीर रूप से छिन्न-भिन्न करने की संचयी क्षमता है। ऐतिहासिक बिहार सर्वेक्षण संभवतः देश विपन्नोंके लिए एक सकारात्मक कार्य योजना के द्वार खोलेगी ताकि हाशिये पर चली गई जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ मिले।

एससी और एसटी के लिए कोटा कुल मिलाकर 17 प्रतिशत है। इसे बढ़ाकर 22 फीसदी किया जाना चाहिए। इसी तरह, ओबीसी के लिए आरक्षण भी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया जाना चाहिए। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, अत्यंत पिछड़ा वर्ग उप-समूह सहित ओबीसी, राज्य की कुल आबादी का 63प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से थोड़ा अधिक हैं।

नीतीश की घोषणा कि उनकी सरकार 94 लाख गरीब परिवारों में से प्रत्येक को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी ताकि वे आर्थिक रूप से कुछ उत्पादक कार्य कर सकें, जो मोदी के लिए 'रेवड़ी' (मुफ्त उपहार) से कुछ अधिक नहीं लग सकता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे लाखों असहाय परिवारों की क्रय शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। नीतीश की चतुराई से मोदी के लिए और अधिक समस्याएं पैदा होने की संभावना है क्योंकि अन्य राज्य भी कोटा में वृद्धि की मांग के साथ सामने आ रहे हैं, जैसे कि ओडिशा जिसने इस मुद्दे को उठाया था।

बिहार जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों और इसके सामाजिक-आर्थिक, भूमि स्वामित्व और अन्य परिणामों में 2024 में वोट जीतने के लिए हिंदू एकीकरण और ध्रुवीकरण की आरएसएस और भाजपा की राजनीति को गंभीर रूप से छिन्न-भिन्न करने की संचयी क्षमता है। ऐतिहासिक बिहार सर्वेक्षण संभवत: देश विपन्नोंके लिए एक सकारात्मक कार्य योजना के द्वार खोलेगी ताकि हाशिये पर चली गई जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ मिले, जैसा कि इंडिया ब्लाक ने कहा है, और इस प्रकार यह कदम मतदान करने वाली आबादी के एक बड़े हिस्से को प्रेरित करेगी।

अगर मोदी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की नीतीश की मांग मान ली होती, तो राज्य अपने गरीबों की बहुत जल्द मदद कर सकता था। आर्थिक रूप से संकटग्रस्त राज्य से गरीबों की वास्तविक मुक्ति के लिए बहुत कुछ करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। रिपोर्ट पेश करने के बाद, नीतीश ने दोहराया-'इस अवसर पर, मैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए अपने अनुरोध को नवीनीकृत करना चाहूंगा।'

नीतीश की मानें तो विपन्नता की चुनौती से निपटने के लिए बिहार को 2.51 लाख करोड़ के फंड की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमने अनुमान लगाया है कि गरीबों की स्थिति सुधारने के लिए राज्य को 2.51 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा। सर्वेक्षण में कहा गया है कि बिहार में 94लाख परिवार गरीब हैं, जो 6,000 रुपये या उससे कम की मासिक आय पर जीवित रहते हैं। अगर हमें विशेष दर्जा मिल गया तो हम दो-तीन साल में अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे। अन्यथा, इसमें अधिक समय लग सकता है।'

चूंकि नीतीश के सामाजिक-आर्थिक आख्यान ने आरएसएस और भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, इसलिए यह माना जा सकता है कि मोदी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कवायद नहीं करेंगे। ऊंची जाति के लोग एक मजबूत सामंती मानसिकता के साथ जीते हैं और यहां तक कि इस वर्ग का एक गरीब व्यक्ति भी खुद को सामंती स्वामी मानता है। संभवत:, ऊंची जातियां भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने में आरएसएस और मोदी के लिए एक बड़ी बाधा साबित होंगी। ब्रह्मर्षि समाज (एक भूमिहार संगठन) के कुछ नेताओं ने पहले से ही आरएसएस और मोदी पर उन्हें धोखा देने का आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

अचानक भाजपा में ऊंची जातियों को हाशिए पर धकेलने का मुद्दा जोरदार तरीके से सामने आ गया है। अमित शाह ने दलबदलू सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करके यह संदेश देने की कोशिश की थी कि वह पार्टी के पुनरुद्धार के लिए ओबीसी पर अधिक भरोसा करते हैं। रिपोर्ट जारी होने के बाद भूमिहारों और राजपूतों ने कहना शुरू कर दिया है कि भाजपा नेतृत्व ने सिर्फ अपने चुनावी फायदे के लिए उनका शोषण किया। बदले में उन्हें वह लाभ नहीं मिला जो मिलना चाहिए था।

सर्वेक्षण रिपोर्ट में 215 विभिन्न सामाजिक समूहों - जैसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग - की आर्थिक स्थिति की विस्तृत जानकारी शामिल है। रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बिहार में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 42प्रतिशत, पिछड़े वर्ग के 33प्रतिशत और सामान्य जाति के 25प्रतिशत व्यक्ति गरीबी में जीवन जी रहे हैं।

शिक्षा के संबंध में, सरकार ने कहा कि केवल 7 प्रतिशत आबादी ने स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, जबकि 22.67प्रतिशत ने कक्षा -5 तक अपनी शिक्षा पूरी की है। रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि 14.33प्रतिशत आबादी ने कक्षा 6 से 8 तक की शिक्षा प्राप्त की है, और 14.71प्रतिशत ने कक्षा 10 तक अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है। इसके अलावा, 9.19प्रतिशत आबादी ने कक्षा 12 तक अपनी शिक्षा पूरी कर ली है।

आरएसएस नेतृत्व इस रिपोर्ट के ओबीसी और दलितों पर पड़ने वाले राजनीतिक प्रभाव को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित है, जो पिछले कुछ समय से भाजपा और आरएसएस से दूर होने के संकेत दे रहे हैं।2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक छह महीने पहले हो रहा यह घटनाक्रम भाजपा की चुनावी संभावना को गंभीर नुकसान पहुंचायेगा। पिछले दस वर्षों के दौरान आरएसएस और विशेषकर मोदी ने आरएसएस की नीतियों का अनुसरण करते हुए हिंदू समुदाय को विभिन्न जातियों में विभाजित कर दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि इसका उनके राजनीतिक भविष्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

एक दशक तक चुनावी हाशिए पर रहने के बाद, विपक्षी दल अब भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी 'जितनी आबादी, उतना हक' के आकर्षक नारे के साथ बार-बार हाशिए पर रहने वाले समुदायों को उनकी आबादी के हिस्से के अनुसार उनको उचित अधिकार दिलाने के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व पर जोर देते रहे हैं। दूसरी ओर, आरएसएस और मोदी ने हिंदुओं के बीच एक विविध मतदाता आधार बनाने की कोशिश की है, जिसमें आदिवासियों और दलितों सहित प्रमुख और हाशिए पर रहने वाली दोनों जातियां शामिल हैं।


रिपोर्ट से पता चला है कि सामान्य वर्ग के लगभग 25 प्रतिशत लोग प्रति माह केवल 6,000 रुपये कमाते हैं, जबकि 23प्रतिशत की मासिक आय 6,000 रुपये से 10,000 रुपये है। कम से कम 19प्रतिशत की आय 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच है; 20,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच 16प्रतिशत; और 9 प्रतिशत के पास 50,000 रुपये से अधिक की आय है। अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) में, 33प्रतिशत कामकाजी आबादी की मासिक आय 6,000 रुपये है; 6,000 रुपये से 10,000 रुपये के बीच 29प्रतिशत; 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच 18प्रतिशत; 20,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच 10प्रतिशत; और उनमें से 4प्रतिशत की आय 50,000 रुपये से अधिक है।

मुस्लिम-यादव राजनीति की अवधारणा को आगे बढ़ाने वाले राज्य में आम मुसलमानों की हालत काफी खस्ता है। मुस्लिम ऊंची जातियों में, जिनमें शेख, पठान और सैय्यद शामिल हैं, शेख जाति के 39,595 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो उनकी वास्तविक आबादी का 0.79प्रतिशत है। जहां तक पठानों का सवाल है, 10,517 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो कुल आबादी का 1.07प्रतिशत है। इस बीच, सैय्यद जाति के कम से कम 7,231 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो उनकी कुल आबादी का 2.42प्रतिशत है।

# विधानसभा चुनाव और ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की चर्चा

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर अपने चरम पर है। इस बीच महादेव सट्टा ऐप की चर्चा इन दिनों सुर्खियों पर है। इस सट्टा ऐप ने छत्तीसगढ़ के सियासी घमासान को राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी विमर्श के केन्द्र में खड़ा कर दिया है। इसी सट्टा ऐप के संचालकों में से एक की शादी समारोह में शिरकत को लेकर बॉलीवुड के कई नामी-गिरामी चेहरों तक को ईडी का समन जारी हो चुका है। भाजपा तो खुलकर कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि इसके जाल में प्रदेश कांग्रेस और उसके नेतृत्वकर्ता बुरी तरह फंसी हुई है। इसमें कथित संलिप्तता को लेकर छत्तीसगढ़ में कई लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं, लेकिन अभी तक इसकी हकीकत क्या है? किसी को समझ नहीं आ रहा है।

मगर दिलचस्प यह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में सट्टा ऐप की चर्चाएं गांव-गांव तक जा पहुंची है। भ्रष्टाचार के कई कथित कई आरोपों के बीच कांग्रेस जिस तरह से भाजपा के साथ मुकाबला कर रही है, यह दिलचस्प है। महादेव सट्टा ऐप के संचालकों द्वारा भूपेश बघेल को कथित तौर पर 508 करोड़ रुपए देने के भुगतान की बात या आरोप में कितना दम है, यह कहना बेहद कठिन है। क्या यह मसला राज्य की चुनावी बिसात की फ़िज़ा बदल सकती है? बड़ा सवाल, जो हजम नहीं हो रहा है कि क्या भूपेश बघेल इतने अपरिपक्व खिलाड़ी हैं जो महादेव सट्टा ऐप संचालकों से सीधे तौर पर पैसा ले सकते हैं? क्या ऐप के संचालक या मालिक इसके पक्के सबूत ईडी को दे सकते हैं? यदि ईडी के पास ठोस सबूत है तो फिर ईडी इसे जांच का विषय क्यों बता रही है? क्या ईडी की जांच से सियासत प्रभावित होगी? क्या ईडी की कार्रवाई छत्तीसगढ़ के आम जनमानस की राजनीतिक सोच में बदलाव ला सकती है? छत्तीसगढ़ के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों भारी उठापटक और अफरा-तफरी का माहौल है।



डॉ. लखन चौधरी

इधर केन्द्र सरकार ने ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर महादेव बेटिंग सट्टा ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया है। सवाल यह भी उठता है कि 28 फीसदी जीएसटी की आड़ में इस तरह के कारोबारों को अनुमति देना कितना उचित है? सरकार इस तरह के कार्यों को अनुमति ही क्यों देती है? इस तरह के धंधों पर प्रतिबंध लगाने में इतनी देरी क्यों की जाती है? इनके संचालक बेखौफ किस तरह दुनिया के दूसरे देशों से कारोबार चलाते हैं? और सरकारें इनका बाल भी बांका क्यों नहीं कर पाते हैं? इनके संचालकों को सरकार गिरफ्तार करके तत्काल भारत क्यों नहीं लाती है?

इस सट्टा ऐप के कुछेक संचालकों की भाजपा नेताओं के साथ साठगांठ की भी खबरें हैं। कई जानकारों का कहना है कि इससे भाजपा को फायदा के बजाय नुकसान भी हो सकता है, क्योंकि भूपेश बघेल ने इसे अपनी छवि खराब के मुद्दे से जोड़कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हिन्दुत्ववादी संगठनों से जुड़े कई लोगों का मानना है कि उनके आराध्य महादेव से जोड़कर जिस तरह से गोरखधंधे का खेल चल रहा है, इसके बावजूद केन्द्र सरकार इनके संचालकों पर कार्रवाई करने में विलंब क्यों कर रही है? भाजपा सहित बहुत से सियासी जानकारों का मत है कि पिछली बार इसी तरह भूपेश बघेल को घेरने के लिए सीडी कांड जैसे मुद्दे को तूल दिया गया था, लेकिन उसका हश्र क्या हुआ? कहीं इस बार भी मामला उल्टा न पड़ जाए? लिहाजा राज्य के नेता इस मसले पर कम ही बोलते दिखते हैं।

> छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं।

छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं। बहरहाल, यह देखना बेहद दिलचस्प हो सकता है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में राज्य के मतदाता किस पर भरोसा करते हैं? या किसकी गारंटी पर अपना मोहर लगाते हैं? लेकिन यह तय है कि ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की बड़ी भूमिका होने के आसार कम ही लगते एवं दिखते हैं। कहा जाए कि छत्तीसगढ़ में इन मुद्दों पर भाजपा यानी विपक्ष द्वारा चुनाव लड़ा जरूर जा रहा है, लेकिन विधानसभा चुनाव में इनकी बड़ी निर्णायक भूमिका रहेगी, जिससे सत्ता और सियासत पलट सकती है; फिलहाल ऐसा लगता नहीं है।

## पावन प्रसंग

# धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक

महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन-तेरस धन्वन्तरि के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानव को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। भगवान ने प्रसन्न होकर जब धन्वन्तरि से कहा-तुम जो चाहो सो वर मांगो। तो उसने भगवान से एक ही प्रार्थना की प्रभो, न तो मुझे राज्य न स्वर्ग और न मुझे मोक्ष की भी कामना नहीं है। मेरी एक ही हार्दिक इच्छा है कि संसार के दु:खी, रोगी और पीड़ितजनों की पीड़ा दूर करूं। रामायण में प्रसंग है कि जब रणभूमि में लक्ष्मण जी शक्ति-प्रहार से मूर्छित हो जाते हैं तब हनुमान जी सुषेण वैद्य को लंका से उठाकर लाते हैं और उससे प्रार्थना करते हैं-हे वैद्यराज, वीर लक्ष्मण की पीड़ा दूर करो, इनकी चिकित्सा करो। सुषेण वैद्य कहता है- तुमने मुझ पर विश्वास कैसे किया? मैं शत्रु पक्ष का वैद्य हूं। मैं तुम्हारे रोगी का अहित भी कर सकता हूं। तब रामचन्द्र जी कहते हैं-वैद्य का कोई शत्रु-मित्र नहीं होता, वैद्य का एक ही धर्म है, रोगी की पीड़ा दूर करना। रोगी और वैद्य के बीच सिर्फ एक ही रिश्ता है-विश्वास का विश्वास के भरोसे रोगी वैद्यराज के हाथ में अपनी जीवन डोर सौंप देता है और वैद्य पूरे मनोयोग से उसकी जीवन-रक्षा करने का प्रयास करता है।

जैन आगम उपासकदशांगसूत्र- में भगवान महावीर का एक विशेषण आता है महाभिषग्वर -महावैद्य। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही हैं जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दु:ख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है।

वास्तव में वैद्य का आदर्श बहुत ऊंचा गुरु के समान माना गया है। क्योंकि उसके हाथ में मनुष्यों के प्राणों की रक्षा होती है। स्वार्थ, लोभ, पक्षपात, आलस्य और लापरवाही ये पांच महादोष हैं। जिस वैद्य में ये दोष होते हैं वह वैद्य आदर्श धर्म का पालन नहीं कर सकता। धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बांटो, दूसरों के दु:ख-दर्द - पीड़ा दूर करो। दूसरों की सेवा करना ही तुम्हारा धर्म है। सब जीवों की सुख-शान्ति चाहना ही तुम्हारी अर्न्तइच्छा हो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदशों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन तेरस की प्रेरणा है।

धनतेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चांदी, तांबे, स्टील के बर्तन खरीदकर धन तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दु:खियों के दु:ख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते + रस: तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन-तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दु:खी प्राणी का दु:ख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-संभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुंचाई तो समझ लो आपकी धन तेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई।

दीपावली के पंचपर्वों की आदि में पहला धन तेरस का पर्व आपको जीवन में परहित एवं परोपकार की प्रेरणा देता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# डिजिटल शिक्षा से नौनिहालों का भविष्य

भारत में विभिन्न विभागों में डिजिटलाइजेशन शुभ संकेत की तरह दिखाई दे रहे हैं। विशेष तौर पर शिक्षा जगत तथा बालक बालिकाओं के की डिजिटलाइजेशन एक वरदान की तरह होगा। कंप्यूटर तथा इंटरनेट के युग में आने वाले बच्चों की पीढ़ी को इसमें पारंगत होना अत्यंत आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर भी बच्चों को प्रतिस्पर्धा हेतु इस विधा में विशेषज्ञता प्राप्त करनी होगी, तब जाकर हम रोजगार मूलक हो पाएंगे। वर्तमान में पिछले दो वर्षों से सबसे ज्यादा कोविड-19 के संक्रमण ने जीवन मृत्यु के बाद जिस क्षेत्र का सबसे ज्यादा नुकसान किया है वो शिक्षा जगत के क्षेत्र का ही है। तीन वर्षों से स्कूल कॉलेज लगातार बंद और खुलते आ रहे थे। मूल शिक्षा खासकर बच्चों के लिए समय बेकार ना जाए इसीलिए ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान देश में किया गया। ऑनलाइन शिक्षा कंप्यूटर आधारित नेटवर्क से संलग्न होती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा शिक्षक वीडियो के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े होते हैं तथा लगातार लाभान्वित भी होते हैं। इसमें शिक्षक आभासी तौर पर उपस्थित होते हैं एवं आभासी स्तर पर ही शिक्षा प्रदान की जाती है। आज ऑनलाइन शिक्षा लाइव वीडियो क्लासेस, रिकॉर्डिंग वीडियो क्लासेस, लाइव ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन टेस्ट और घर पर पी,डी,एफ आधारित ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है। ऑनलाइन शिक्षा में अनेक लाभ के साथ हानियों का भी समावेश है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण अधिक रोचक कथा संवादात्मक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे इस पर अधिक से अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शिक्षक कोई भी कहीं भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान या किसी कारणवश अवकाश लेने पर छूटे हुए विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, करोना संक्रमण की दृष्टि से लाभकारी है, और आर्थिक रूप से भी आवागमन के खर्चे से बचत के रूप में देखा जा रहा है। ऑनलाइन विद्यार्थी स्वयं शिक्षा के स्तर को समझेंगे और यह भी समझेंगे कि उन्हें क्या पसंद है और किस क्षेत्र में उन्हें आगे जाकर शोध करना है या बड़ी डिग्री हासिल करना है। इससे ज्ञान की विविधता भी प्राप्त होती है। समय की बचत के साथ इसमें आर्थिक लाभ भी होता है। तीव्रता और गहनता की दृष्टि से ऑनलाइन शिक्षा काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभाव कारी है। ऑनलाइन शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा संग्रहण तीव्रता से होता है तथा सृजनशीलता की विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय विद्यालय और शिक्षकों की उपलब्धता भी छात्रों की मदद के लिए सदैव रहती है। दूसरी तरफ ऑनलाइन शिक्षा से कई समस्याएं भी जुड़ी होती हैं। ऑनलाइन शिक्षा नेटवर्क कंप्यूटर पर आधारित होती है इसके लिए कई उपकरणों की जरूरत होती है जो काफी आर्थिक रूप से महंगे होते हैं। भारत जैसे देश में ऑनलाइन शिक्षा सबके लिए संभव नहीं है। विशाल जनसंख्या वाले देश में हर जगह कंप्यूटर नेटवर्क और मोबाइल की उपलब्धता इतनी आसान नहीं है, जितनी कि योजना बनाते समय कल्पना की गई थी। बच्चों की रचनात्मक क्षमता का भी इसमें नुकसान होता है क्योंकि पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारियां किताबों में ना खोजकर इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर लेते हैं। उनमें जिज्ञासा का अभाव पैदा होने लगता है एवं रचनात्मकता भी खत्म होती है। ऑनलाइन शिक्षा में छोटे बच्चों को शारीरिक व्यायाम एवं शारीरिक कसरत का अभाव पैदा होने लगता है, छोटे बच्चों को खेलकूद वाली शिक्षा उनकी शारीरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दी जाती है पर ऑनलाइन शिक्षा में ऐसा संभव नहीं है। भारतीय तथा विदेशी मनोवैज्ञानिकों के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा अत्यंत तनावपूर्ण होती है। एक रिसर्च के अनुसार 15 मिनट के ऑनलाइन अध्ययन के बाद छात्रों की नोट्स लेने में रुचि खत्म हो जाती है एवं व मनोरंजन साइड की तरफ झुकने लगते हैं। ऑनलाइन शिक्षा से बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है सबसे ज्यादा आंखों पर असर पड़ने लगता है बहुत जल्दी ही बच्चों को आंखों में चश्मे और लेंस लगने लगते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

## श्रमोदय विद्यालय के बच्चों ने दिया शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप जयति सिंह के मार्गदर्शन में जिले में चलाई जा रही स्वीप की गतिविधियों के अंतर्गत आज गुरुवार को श्रमोदय आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत श्रमिकों के बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभाकक्ष में दीवाली पर घर जा रहे बच्चों से कहा गया कि अपने माता-पिता से 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह करें। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अपने परिजनों, परिवारजनों और मोहल्ले के मतदाताओं को जागरूक करने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों के अभिभावकों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

















































# आज धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव आरंभ

## भगवान धनवंतरि का पूजन कर निरोगी रहने की कामना करेंगे भक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव आरंभ हो जायेगा। आज शुक्रवार को कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी पर धनतेरस भगवान धनवंतरि के जन्मोत्सव के साथ ही हिन्दूधर्मावलंबी माता अन्नपूर्णा का पूजन-अर्चन करेंगे। धनतेरस के दिन व्यापारिक प्रतिष्ठान सहित घरों में श्रद्धालु भगवान धनवंतरि का पूजन-अर्चन करेंगे और अपने व्यापार और परिवार के सदस्यों को निरोगी रखने की कामना करेंगे। भगवान धनवंतरि पूजन करने वाले भक्तों को सुख, सौभाग्य और धन आगमन के मार्ग को प्रशस्त करेंगे। पं. वासुदेव शास्त्री के अनुसार इस वर्ष शुभ मुहूर्त शाम 7 से 11 बजे तक रहेगा। इसी दिन भगवान धनवंतरि ने आयुर्वेद का भी प्रादुर्भाव किया था। दीपावली पर कार्तिक त्रयोदशी को भगवान धनवंतरि की पूजा होगी।

**धनवंतरि आयुर्वेद के प्रवर्तक**-सनातन धर्म में भगवान धनवंतरि को आयुर्वेद का प्रवर्तक और देवताओं का भी वैद्य माना जाता है। इसलिए कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को भगवान धनवंतरि की पूजा करना चाहिए। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरि पूजन करने वाले भक्तों को हर तरह के रोगों से मुक्ति मिलती हैं।

**धनवंतरी जयंती पर वैद्यों का सम्मान आज** - प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान धन्वंतरी जयंती के अवसर पर जमुना सभागृह गोल बाजार चंचलाबाई कॉलेज के सामने आज शुक्रवार शाम 4 बजे युवा पीढ़ी के वैद्य एवं बुजुर्ग पीढ़ी के वैद्यों का सम्मान जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा किया जाएगा। आज भगवान धन्वंतरि जी के चित्र निशुल्क वितरित किए जाएंगे।

### इनका कहना है

इस बार शाम को 7 से 11 बजे तक पूजन के लिए शुभ समय है। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरि का पूजन-अर्चन करने वालों को सभी प्रकार के रोगों से छुटकारा मिलता है। आज के दिन सोना-चांदी सहित लोग अन्य वस्तुओं का संग्रह करते है। लोगों को इस दिन अपने द्वार पर दीपक जलाकर रखने से उनके यहां से साल भर के लिए रोग, कष्ट, पीड़ा और बाधा जैसी चीजें दूर रहती है। भगवान की पूजन के समय शांति और सद्भाव का माहौल होना अनिवार्य।

**- पं. वासुदेव शास्त्री**

# सौ बीमारियों का एक इलाज बनी आयुर्वेद की जड़ी बूटियां

## आयुर्वेद दिवस आज- कोरोना काल से लोगों में बढ़ा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर भरोसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुराने दौर से ही आयुर्वेद लोगों की सेहत संवारते आया है। वायरल से बचाव से लेकर गंभीर बीमारी तक में आयुर्वेद मददगार साबित हो रहा है। पहले जहां आयुर्वेद का इलाज लोगों के लिए धीमा असर करने वाला हुआ करता था, लेकिन अब यह तुरंत असरदायक होने के कारण लोगों की पसंद में शामिल हो चुकी है। आयुर्वेद के प्रति लोगों में भरोसा बढ़ाने के लिए ही धनतेरस पर आयुर्वेद दिवस भी मनाया जाता है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक कहा जाता है इसलिए मेडिकल प्रोफेशन में भी इस दिन को खास तरह से मनाया जाता है।

काढ़ा दिनचर्या में शामिल-

काढ़ा शब्द लोगों के लिए नया नहीं था, लेकिन कोरोना काल के बाद यह आम हो चुका है। घरों में अब इसका बनना किसी सूप से कम नहीं है, जिससे हर किसी को आवश्यक रूप से पीना जरूरी है। रेडीमेड मिक्स काढ़े की बजाय महिलाओं द्वारा खुद ही काढ़े को बनाया जा रहा है, ताकि मनमुताबिक आयुर्वेद और हर्बल प्रोडक्टस का इसमें उपयोग कर सकें।

तुलसी की चाय से शुरुआत-

कोरोना काल के बाद घरों में महिलाओं ने एक इनोवेशन किया, जो कि काली चाय के रूप में रहा। फिर इसमें भी तुलसी की पत्तियों ने जगह ले ली, ताकि इम्युनिटी पावर स्ट्रॉन्ग हो सके। इसके साथ की बॉडी में विटामिन सी की मात्रा के लिए जिंजर-लेमन टी भी रूटीन में शामिल हो गया। असर यह है कि लोगों की दिन की शुरुआत अब तुलसी, लेमन और जिंजर टी से होती है। कुछ सीनियर सिटीजन काढ़े के साथ सुबह की शुरुआत करते हैं।





### हर बीमारी करते यह दूर

- गुड़
- तुलसी
- गिलोय
- काली मिर्च
- इलायची
- लौंग
- सौंठ
- अदरक
- गाय का घी
- जड़ी-बूटियां

**हर बीमारियों में कारगर-**

- डाइजेशन सिस्टम
- वेट लॉस
- एंटी एजिंग
- डाइबिटीज
- हार्ट

# मदन महल दरगाह में हज़ारों अक़ीदतमंदों ने दी हाजरी

## सूफियों ने दिया एकता के साथ मतदान करने का संदेश




**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर दस्तगीर में जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के आखरी उर्स मेला में हज़ारो की तादाद मे अक़ीदतमंदो ने हाजरी पेश की। चादर निशान चढ़ाये गए एवं नज़रों न्याज़ पेश की तथा लंगर तक़सीम किया गया। मदन महल पहाड़ी पर दिन भर हरे झंडे लहराते रहे और या गौस अल मदद के नारों से पहाड़ी गूंजती रही। अलसुबह बाद नमाज़ फ़ज़्र से दरगाह शरीफ मे जायरीनों की हाजरी का सिलसिला शुरू हो गया। दरगाह शरीफ में मुस्लिम धर्मालंबियों के साथ हिंदू धर्मालंबी व अन्य धर्मालंबियों ने भी ग्यारह-इक्कीस फिट लंबी चादरें व इक्कीस इंक्यावन फिट के निशान बड़ी संख्या में पेश किए और संप्रदायिक सौहार्द्र का परिचय दिया।

**सूफी संत सम्मेलन**- जलसागाह मे अपरान्ह सूफी संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत मे आयोजित बज्म ए सूफिया मे कादरी, चिश्ती, निज़ामी, साबरी, मदारी, न्याज़ी, सफ़वी, रजवी, बुर्हानी, वारसी, अशरफी, बंदानवाजी आदि सिलसिलों के स्थानीय व दूर दराज के सूफी हज़रात ने शिरकत की।

**दस्तारबंदी**-आफताब कादरी, राहत अली, जुल्फिकार कादरी, निज़ाम अली, इनायत कादरी, याकूब शाह, जलील शाह, मंसूर कादरी, जवाहर कादरी ने सूफी हज़रात का दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। मुहम्मद कादरी राजा, असगर कादरी, आबिद अली, अब्बू बाबा कादरी, अंसार अली, सलामत अली, इदरीस कादरी,अशपाक कादरी, आशू कादरी, अमन अली, ने तबरूख पेश किये।

**कुल शरीफ**-दरगाह शरीफ मे जुमा के दिन कुल शरीफ का एहतेमाम किया गया है। इस मौके पर दूर दराज से आये सूफी हज़रात की दस्तारबंदी कर विदाई की जाएगी।

# एआई और ब्लॉक चैन तकनीक ने बदला एकाउंटिंग वर्ल्ड

## बेहतर कॅरियर मौके के साथ उभर रहा एकाउंटिंग वर्ल्ड

**जबलपुर,देशबन्धु।** तकनीक हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। इसमें शिक्षण पद्धति के साथ-साथ डिफरेंट जॉब सेक्टर में बदलाव हुआ है। इस सेक्टर में एकाउटिंग वर्ल्ड भी शामिल है। एकाउंटिंग में चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंट, कंपनी सेक्रेटरी जैसे कोर्सेस में कई बदलाव हुए हैं, वहीं कॅरियर अवसर भी बढ़ गए हैं। प्रैक्टिकल ट्रेनिंग ओरिएंटेड होने के कारण युवाओं का झुकाव इस क्षेत्र में नजर आ रहा है।



**क्लाउट बेस्ड एकाउंटिंग**-कोरोना काल के बाद एकाउंटिंग वर्ल्ड में काफी परिवर्तन आएं हैं। क्योंकि यह अब क्लाउड बेस्ड सॉफ्टवेयर आधारित हो रहा है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ब्लॉक चैन जैसी तकनीक शामिल हुई हैं। यह सभी तकनीक लेन-देन की प्रोसेस को आसान बना रही है।

### इनका कहना है

सीए पर्सन अकाउंटिंग, ऑडिटिंग, कॉर्पोरेट फाइनेंस प्रोजेक्ट इवेल्यूएशन, कंपनी व बिजनेज लॉ, टैक्सेशन एवं कॉर्पोरेट गवर्नेंस सेक्टर में सर्विस दे सकते हैं। वहीं इंडिपेंडेंट प्रोफेशनल के रूप में कॅरियर बना सकते हैं।- **ज्योति असरानी, सीए**

कोविड के बाद से एकाउंटिंग पद्धति में काफी परिवर्तन आएं हैं। इससे जहां सीए का काम आसान हुआ है, वहीं डाटा एनालिसिस में भी सहूलियत हुई है। हर कम्पनी में सीए की भूमिका जिम्मेदारी वाली होती है।- **तनवीर सिंह, सीए**

वर्तमान में युवा इस क्षेत्र में बढ़ रहे हैं। संस्थान द्वारा लगातार पैटर्न में बदलाव भी किए जा रहे है, जिसके कारण सीए का काम पहले से ज्यादा आसान और समय बचाने वाला हो चुका है।- **सुमित सुपटकर, एक्सपर्ट**



# कैडेट्स को मिला आर्मी नर्सिंग ट्रेनिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** 2 एमपी गर्ल्स बटालियन के तत्वावधान में आर्मी अस्पताल जबलपुर में 12 दिवसीय आर्मी अटैचमेंट प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में एनसीसी कैडेट्स को आर्मी में मेडिकल कोर के ट्रीटमेंट के साथ वाइटल साइंस, फर्स्ट एंड, फोरम बॉडी, हैमरेज हैंडल करने के गुर सिखाए। कमांडेंट, आर्मी हॉस्पिटल ब्रिगेडियर आईवी नागेश, रजिस्ट्रार एपी जैकब सीनियर रजिस्टार, प्रिंसिपल कर्नल रूपा भुमिक, सुबेदार मेजर इन्द्रजीत सिंह, एसएनएम नायडू, सीटीओ निधि पटेल मौजूद रहीं। नोसप

# श्रेष्ठ कानूनी सेल का मिला सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय धर्मशास्त्र लॉ यूनिवर्सिटी के विधि सहायता क्लीनिक विधि मित्र को मप्र में श्रेष्ठ सर्वश्रेष्ठ विधि सहायता सेल के रूप में मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान विधि सहायता सेल की असिस्टेंट प्रो. रुचिरा चतुर्वेदी, अभिनव मिश्रा, संयोजक ईशा श्रीवास्तव ने ग्रहण किया। डीएनएलयू में विधि मित्र सेल की शुरुआत हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस अजय कुमार मित्तल ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुफ्त विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए की थी।



# स्पेल बी कॉम्पीटिशन में दिखाई स्किल

**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 में इंटर स्कूल जेएसएससी स्पेल बी कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 17 स्कूलों की सहभागिता रही। प्रतियोगिता विभिन्न श्रेणियों में सम्पन्न हुई, जिसमें स्क्रीनिंग राउंड, रिटन राउंड के बाद फाइनल राउंड में प्रतिभागियों ने कौशल का हुनर दिखाया। छह राउंड में रिक्त स्थान भरना, दोहरे अक्षर वाले शब्द, नए शब्द बनाना, वेब चार्ट जैसे राउंड हुए। कॉम्पीटिशन में फर्स्ट सेंट जोसेफ गर्ल्स कॉन्वेंट विजेता और लिटिल वर्ल्ड तिलवारा और बिल्लाबॉन्ग स्कूल उपविजेता रहे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 10 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की द्वादशी/त्रयोदशी। नक्षत्र-हस्त।**

**मेष**

धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

**वृषभ**

आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्त्रोत बढ़ेगा।

**मिथुन**

आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

**कर्क**

जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**

आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों ।

**कन्या**

आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

क.

**तुला**

स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक**

आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

**धनु**

आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

**मकर**

आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**कुंभ**

आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

**मीन**

आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

मा.




# नवाचार ने युवाओं को उद्यमिता से जोड़ा है

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस के मौके पर द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की जबलपुर शाखा के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उद्यमिता ही भविष्य है विषय पर विचार रखे। कार्यक्रम में जबलपुर आईसीएआई चेयरमेन सीए कमल वलेचा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में उद्यमी नवाचार की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। वे अपने हुनर के हिसाब से सपनों को पूरा करने में जुटे हैं। पल्लवी पटेल ने बताया कि उन्होंने जॉब छोड़कर फूड प्रोसेसिंग का स्टार्टअप चुना। इस मौके पर इंजीनियर अनूप राय, सेक्रेटरी सीए चांदनी आहूजा, सीए मुकेश इंदुरख्या, सीए सौरभ जैन, सीए आशीष चावला, सीए तरुण पारवानी मौजूद थे।

# जनता यूनियन का 19 नवंबर को दिवाली मिलन समारोह

**जबलपुर, देशबधु।** मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय प्रवक्ता मोहन अग्रवाल ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि 19 नवंबर को जनता यूनियन के आह्वान पर विद्युत मंडल में विभक्त 6 कंपनियां के कर्मचारी और पेंशनर्स भारी संख्या में उपस्थित होंगे। इस मामले में शक्ति भवन स्थित कैंटीन में बैठक का करने का निर्णय लिया गया है। इस समारोह में जनता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार पटेल, भोपाल एवं मुख्य संगठन एम एल चौकसे के नेतृत्व में कार्यक्रम दीनदयाल चौक कृषि उपज मंडी जबलपुर में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। संपन्न हुई बैठक में मोहन अग्रवाल, दिनेश चौधरी, राजेश जैन, रवि शंकर सक्सेना, कल प्रसाद पटेल, सोनी लाल जी सोनी, एन तिवारी, एमके काले, राजकुमार यादव, कश्मीरा सिंह, बारे लाल यादव, वीरेंद्र सिंह, जिलानी खान आदि पदाधिकारी की उपस्थिति में 100 प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया है।

# एपीएन ग्रुप ने बड़े हर्ष से मनाया दीपोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** पर्व हमारे जीवन में खुशियां, समृद्धि खुशहाली लेकर आते है। प्रत्येक त्यौहार हमें आपसी भाईचारा, प्रेम एवं सद्भावना का संदेश देते है। उक्त आशय के उद्गार एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीटयूट के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने व्यक्त किए, अवसर था प्रकाश पर्व दीपावली का। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती वंदना के साथ हुआ, इसके बाद अतिथियों को एपीएन परिवार ने पुष्प देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठा. शैलेन्द्र सिंह, अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्टाफ को गिफ्ट प्रदान कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ज्ञानचंद गोलछा, मंयक श्रीवास्तव, मानवेन्द्र सिंह, डॉ. निधि शुक्ला, डॉ. सोनल खरे, अजय वर्मा, पूर्व पार्षद अमरचंद बावरिया, राजेन्द्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।




# चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों को मानदेय का नगद भुगतान किया जाए

## जिन कर्मचारियों की दो ड्यूटि लगी है उन्हे डबल मानदेय दिया जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिन कर्मचारियों की विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगी है। उन सभी कर्मचारियों को बूथ में सभी सुविधाएं देने के साथ ही मानदेय का भुगतान नगद किया जाना चाहिए। बैंक खाते में मानदेय भेजने की प्रक्रिया में समय अधिक लगता है। अत: चुनाव ड्यूटी कर रहे सभी मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय का नगद भुगतान किया जाना चाहिए।

संघ ने आगे बताया कि जिन कर्मचारियों की डबल ड्यूटी लगी है जैसे घर-घर जाकर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं से मतदान कराने में जो कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है और वहीं कर्मचारी यदि 17 नवंबर को जबलपुर विधानसभा के किसी भी क्षेत्र के बूथ में मतदान अधिकारी-कर्मचारी के रूप में यदि मतदान कराता है, तो उसे डबल ड्यूटी का डबल मानदेय दिया जाना चाहिए। संगठन निवार्चन आयोग से मांग करता है कि मतदान कर्मचारियों को नगद मानदेय भुगतान करने के साथ ही उन्हे डबल मानदेय भुगतान किया जाए।

संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, दिनेश गौंड़, रऊफ खान, राकेश श्रीवास, विनोद सिंह, राजकुमार यादव, क्रिस्टोफर नरोन्हा, एनोस विक्टर, फिलिप अन्थोनी, गुडविन चार्ल्स, धनराज पिल्ले, उमेश सिंह ठाकुर, अशोक राय, सुनील झारिया, ओम प्रकाश झारिया, गोपीशाह, रामकुमार कतिया, सुधीर अवधिया, आशा राम झारिया, मनीष मिश्रा, सुधीर पावेल, राजेन्द्र सिंह, संतोष चैरसिया, विनय रामजे आदि ने चुनाव निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि चुनाव ड्यूटि कर रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को चुनाव संबधित कार्य हेतु नगद भुगतान किया जाए।

# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री गोपाल दास अग्रवाल-** गोपालबाग निवासी श्री गोपाल दास अग्रवाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजरानी भाटिया-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री जानकी नाथ भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती राजरानी भाटिया (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नीरज कुमार** - शीतलामाई मुलिया बाई की धर्मशाला के पास निवासी श्री मोहन लाल कोरी के पुत्र श्री नीरज कुमार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भूपेन्दर सिंह बावरा-** मदनमहल राधा स्वामी सत्संग भवन के पास गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री भूपेन्दर सिंह बावरा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवी परचवानी-** जनता मार्केट के पीछे बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री सच्चूमल परचवानी की धर्मपत्नी श्रीमती देवी परचवानी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती हल्की बाई यादव-** दुर्गा नगर भटौली ग्वारीघाट निवासी श्री गुम्मन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती हल्की बाई यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बटर शर्मा-** क्रेशर बस्ती शास्त्री नगर निवासी श्री बटर शर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

श्रीमती रश्मि साहू- दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री राकेश साहू की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि साहू (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती एकता पाल-** ग्राम ग्वाला सिहोर निवासी श्री महेश पाल की धर्मपत्नी श्रीमती एकता पाल (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पुरुषोत्तम चोधरी-** बेलबाग चौधरी मोहल्ला निवासी श्री पुरुषोत्तम चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरस्वती बाई जाटव-** जीके हुसैन कम्पाउंड सदर निवासी श्री फेरनदास जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई जाटव (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज सेन-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सूरज सेन (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कंचनलता सिंह-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री गुलाब सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कंचनलता सिंह (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छब्बी लाल समन-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री छब्बी लाल समन (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनीता चौधरी-** ठक्कर ग्राम पश्चिमी करियापाथर निवासी श्री सोनू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

## धनतेरस पर आज होगी धनवर्षा, सज गए नगर के बाजार



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** आज धनतेरस के साथ ही दीपावली का पर्व शुरू हो जाएगा।धनतेरस के शुभ मुहूर्त में गांधीग्राम, गोसलपुर में जमकर खरीददारी होगी और बाजार में धन की वर्षा होगी। इसके लिए गांधीग्राम बस स्टेण्ड से लेकर कमानिया गेट,साप्ताहिक बाजार स्थल पर बाजार सजकर तैयार हो गया है। धनतेरस को देखते हुए व्यापारियों ने तैयारी पूरी कर ली है। दीपावली पर्व के लिए व्यापारी पिछले कई दिनों से तैयारियों में लगे हुए थे।आज धनतेरस धन की वर्षा होगी और हजारों रुपए का कारोबार होगा। गांधीग्राम, गोसलपुर में सराफा, कपड़ा, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम व मोबाइल की जमकर बिक्री होगी। वहीं कारोबारियों भी अच्छी ग्राहकी को लेकर आशांवित हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार सराफा बाजार में कपड़ा,आटोमोबाइल, इलेट्रॉनिक बाजार, मोबाइल बाजार में अच्छी बिक्री का अनुमान लगाया जा रहा है। सराफा बाजार में इस वर्ष सोने व चांदी के सिक्कों की मांग अधिक है। साथ ही चांदी के पायल, बिछिया व चांदी के अन्य छोटे-छोटे समानों की बिक्री अधिक होगा। इस वर्ष सोने के आभूषण की मांग अपेक्षाकृत कम है।

**धनतेरस आज, सजेगा बाजार-** धनतेरस के दिन भीड़ अधिक होने के कारण ठीक से खरीददारी का मौका नहीं मिल पाता है। धनतेरस पर सोने चांदी की खरीदी की परंपरा रही है, जिसके चलते शुभ मुर्हूत पर सोने चांदी के आभूषण की खरीदी की जाती है। आज भी शुभ मुर्हूत देखकर लोग खरीदी करने पहुंचेगे धनतेरस के दिन भीड़ अधिक होती है। दूसरी ओर मोबाइल दुकानों में भी ग्राहकों की कतार लगने लगी है। बाजार में केवल एन्ड्रायड फोन का ही चलन है। कम रेन्ज में 5 जी एंड्रायड मोबाइल मिल रहे हैं। इसके चलते लोग मोबाइल एंड्रायड फोन ही खरीदना पसंद कर रहे हैं। कपड़ा बाजार में भी लोगों की भीड़ उमड़ रही है। दीपावली को लेकर खरीददारी शुरू हो गई है। धनतेरस से लेकर दीपावली तक ग्राहकी अच्छी रहती है। फैंसी कपड़ों की मांग बाजार में अधिक है। इसी तरह त्यौहार को देखते हुए लोगों ने टीवी, फ्रीज व अन्य इलेक्ट्रानिक सामानों के दुकान भी सजकर तैयार हैं। दुपहिया वाहनों की धनतेरस पर भारी बिक्री का अनुमान लगाया जा रहा है।बाजार में धनतेरस से दीपावली तक दुपहिया वाहनों की बिक्री धनतेरस पर होती है।

## गाय को बचाने के चक्कर में कार धू-धूकर जली, परिवार बाल-बाल बचा



**गोसलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर सिहोरा हाईवे फोरलेन सड़क मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 गोसलपुर के आगे मुस्करा तिराहा एवम बघेला नाला के पास कल गुरुवार को दोपहर लगभग 2ः00 बजे इंदौर से प्रयागराज जा रही एक कार सड़क पर विचरण कर रही एक गाय को बचाने के चलते अनियंत्रित हो गई। जिससे कार में सवार इंदौर के साइकलोजिस्त अजीत कुमार व उनके परिवार से उनकी पत्नी एवं तीन बच्चे सकुशल बच गये। परिवार केरला का रहने वाला है। किंतु कार के कई गुलाटी खाने से उसमें आग लग गई और कार धू धू कर जल गई, मौके पर उपस्थित लोगों ने काफी मशक्कत के बाद कार में सवार लोगों को बाहर निकाला और सकुशल निकाला मामले में गोसलपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची, कार में सवार एक बच्चे को मामूली खरोंच आई जिसका प्रथम प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया मौके पर मौके पर गोसलपुर थाना से थाना प्रभारी प्रियंका केवट , एस आई अनिल मिश्रा, एस आई राजेश मिश्रा, दूधनाथ चौधरी, समर सिंह राजपूत एवं स्टाफ ने सहायता प्रदान की।

### सार-समाचार



## अंतर्राष्ट्रीय क्रियाशील संस्था कादंबरी में बाल साहित्य लेखन पर सुधा उपाध्याय को किया सम्मानित

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा नगर की बाल साहित्यकार कवित्री श्रीमती सुधा अशोक उपाध्याय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था कादंबरी जबलपुर द्वारा बाल साहित्य पर हिंदी सेवा के लिए स्वर्गीय पंडित बाबूलाल तिवारी सम्मान से अलंकृत कर 4/11/2023 को शहीद स्मारक सभागार में सम्मानित किया गया ।उनकी कृति 1000 कृतियों में से 102 सरल क्र में चयनित हुई है कुल चयनित कृतियाँ 108 थीं। सभागार में उपस्थित प्रज्ञा पीठाधीश्वर आदिश्वर मां साध्वी विभानंद गिरी की पावन उपस्थिती, डॉक्टर एडीएन वाजपेई कुलपति अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य, डॉक्टर कैलाश गुप्ता उद्योगपति की अध्यक्षता तथा विनय पाठक वरिष्ठ साहित्यकार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस भव्य समारोह में श्रीमती सुधा उपाध्याय को शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र सहित 1100 रुपए की नगद राशि भेंट की गई कार्यक्रम में 108 साहित्यकार नेपाल ,चेन्नई , मुंबई, पटना,देहरादून, जयपुर,लखनऊ, बिलासपुर, दुर्ग आदि के साहित्यकार सम्मानित हुए उल्लेखनीय है कि श्रीमती सुधा उपाध्याय की नई कृति बालकिशोर कहानियों का लोकार्पण की बात कहीं गई। श्री राजेश पाठक प्रवीण द्वारा संचालित समारोह में संस्था के अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे कार्यकारी अध्यक्ष डॉ राजकुमार सुमित्र,अश्विनी पाठक,विजय बागरी,आशुतोष तिवारी सहित अधिक संख्या में सृजन धर्मी और साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

## कोठारी ज्वेलर्स में इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टीवल के बेमिसाल ऑफर



*जबलपुर,देशबन्धु। त्यौहारी सीजन के आते ही हर तरह के बाजार में रौनक बढ़ने लगती है, जब दीपावली जैसे बड़े त्यौहार आते है तो बाजार की रौनक दोगुनी हो जाती है। यही पल बाजार में देखने को मिल रहे हैं, लगभग सभी बाजार चमक रहे है और खासतौर से ज्वेलरी बाजार कुछ ज्यादा ही चमक रहे हैं। इस बार ज्वेलरी बाजार में छोटे-बड़े ऑफर के साथ एक अलग तरह के बड़े ऑफर के कारण भी धूम मची हुई है। दरअसल देश के सबसे बड़े इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टीवल 2023 की पेशकश जबलपुर में भी हुई है, इसके बेमिसाल ऑफर ज्वेलरी खरीददारों को बेहद लुभा रहे हैं।*



इस अभूतपूर्व ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टीवल का लाभ संस्कारधानी के नामीगिरामी प्रतिष्ठान कोठारी ज्वेलर्स भी ग्राहकों को दे रहे हैं। कोठारी ज्वेलर्स के संचालक आशीष कोठारी ने बताया कि इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टीवल 2023, देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टीवल है, जिसमें जबलपुर सहित देशभर से करीब 2 हजार ज्वेलर्स ने हिस्सा लिया है और कोठारी ज्वेलर्स भी इसमें इसलिए शामिल हुआ है ताकि ग्राहकों को इस इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टीवल के आकर्षक बड़े-बड़े इनाम पाने का मौका मिल सके। 25 हजार के आभूषण खरीद पर ग्राहकों को एक कूपन व चांदी का सिक्का दिया जा रहा है। आकर्षक इनामों में पांच इनाम प्रत्येक एक किलोग्राम सोना के, पांच इनाम जड़ाऊ आभूषण प्रत्येक 10 लाख रुपये के, पांच इनाम टेम्पल ज्वेलरी प्रत्येक 10 लाख रूपये की, 10 इनाम हीरे और कीमती रत्न जड़ित आभूषण प्रत्येक 5 लाख रूपये के, 10 इनाम सोने के आभूषण प्रत्येक 2.5 लाख रुपये के और 100 इनाम हीरे जड़ित सोने के सिक्के डिवाइन सॉलिटेयर्स की ओर से रखे गए हैं।

## मिठाई, कपड़े, स्वेटर व आतिशबाजी सामग्री पाकर खिलखिला उठे चेहरे

**पनागर,देशबन्धु।** हर्ष और उल्लास के पर्व दीपावली को अब कुछ ही दिन बाकी हैं। लेकिन यह त्योहार सभी के लिए खुशियां लेकर नहीं आता। यह कहना हैं युवा सेवा संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित भाई यादव का उन्होंने बताया कि गांव व शहर के गरीब बस्तियों में निवासरत गरीब लोग दीवापली को अच्छी तरह सेलिब्रेट कर सकें, इसके लिए उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ युवा सेवा संगठन नाम के एनजीओ की शुरुआत की , जो की लगातार हर वर्ष अलग-अलग क्षेत्र के गरीब बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम करता है। इस वर्ष संगठन द्वारा संचालित स्ट्रीट स्नेह स्कूल सरस्वाही वीरनेर के करीब 150 गरीब बच्चों को मिठाई, कपड़े, पेन,कॉपी एवं ठंड से बचने के लिए स्वेटर आतिशबाजी के साथ लक्ष्मी जी की फोटो, दीपक, पूजन सामग्री,लाई बतेशा की सौगात पाकर खिलखिला उठे। इस दौरान समाजसेवी अनुभा शर्मा ने कहा कि मानव जीवन कई पुण्य कर्म करने के बाद मिलता है इस मानव जीवन में हमें गरीब असहाय एवं निर्धनों की सहायता करते रहनी चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ियां आपको याद रखें। इस दौरान संगठन के सभी पदाधिकारी ने दीपावली की सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## बीच सड़क में खड़े विद्युत पोल आवागमन में बन रहे बाधक

**गोसलपुर,देशबन्धु ।**नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोसलपुर के मुख्य प्रवेश द्वारा कमानिया गेट के सामने बीच सडक मे लगा विद्युत पोल एवं रामसागर तालाब के पास चल समारोह मार्ग पर लगा विद्युत पोल सहित अनेक स्थानों पर लगे ऐसे विद्युत पोल आवागमन को बाधित कर रहे हैं ग्राम के नरेश तंतुवाय प्रकाश पालीवाल धर्मेंद्र सिंह राजपूत कल्याण सिंह ठाकुर जीवन लाल कोष्टा जितेंद्र पटैल ने बताया की मुख्य सडको मे लगे विद्युत पोल आवागमन में बाधक बन रहे हैं स्थानीय पंचायत प्रशासन ने पोल शिफ्टिंग करने का प्रस्ताव तैयार कर विघुत विभाग को सौंपा जा चुका है परंतु बीच सडक मे लगे आवागमन मे बाधा बन रहे इन विघुत पोलो का आज तक शिफ्टिंग का कार्य अन्यत्र नही किया गया।



जिससे आम जनमानस व राहगीरों को आवागमन में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा वही ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव का कहना है की कई बार लिखित आवेदन विद्युत मंडल कार्यालय में इन विद्युत पोलों के शिफ्टिंग हेतु सौंपा जा चुका है परंतु दिए गए आवेदन पर आज तक विद्युत मंडल के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई जिससे यह विद्युत पोल परेशानी का सबब बने हुए हैं इसी प्रकार शंकर कॉलोनी से लेकर गुड़ाई बस स्टैंड झंडा बाजार बडी मढिया पहुंच मार्ग कछपुरा खिन्नी तिराहा कछपुरा रामसागर तालाब पहुंच मार्ग तक के हिस्से मे अनेक विद्युत पोल पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग व मुख्य सडको के बीच व रोड से सटकर लगे हुए हैं जिनसे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है वाहन चालक इन विद्युत पोलों से टकरा जाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं वही सड़क के बिल्कुल किनारे लगे विद्युत पोलों के कारण आए दिन कभी न कभी चार पहिया वाहन व बड़े वाहन इनसे टकरा जाते हैं और कई घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है।

## अलंकार ज्वेलर्स में कलात्मक आभूषणों की विशेष रेंज

### 10 हजार रूपये से ज्यादा आभूषण खरीद पर उपहार का ऑफर



*जबलपुर,देशबन्धु। जैसे-जैसे दीपावली पर्व नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे आभूषण बाजार की रौनक बढ़ती जा रही है। दरअसल धनतेरस के पहले कई ग्राहक शादी-विवाह की खरीदी में भी अधिक रूचि ले रहे हैं। जिससे शहर के प्रमुख ज्वेलरी शोरूमों में ग्राहकी भीड़ बनी हुई है। ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता और कलात्मक नई-नई आधुनिक डिजाइनों की ज्वेलरी देने का प्रयास भी दुकानदारों ने किया है।*



इसी कड़ी में मेन रोड, सदर स्थित अलंकार ज्वेलर्स जो 1968 से संचालित है,अपनी उच्च गुणवत्ता और कलात्मक डिजाईनों के साथ-साथ शुद्धता व उचित दाम के लिए ग्राहकों में लोकप्रिय है। इस प्रतिष्ठान ने शहर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अलंकार ज्वेलर्स के संचालक विवेक अग्रवाल ने बताया कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए ग्राहकों के लिए नई-नई आधुनिक डिजाईनों की हॉलमार्क ज्वेलरी का मनमोहक संग्रह उपलब्ध है। ग्राहकों के लिए डायमण्ड सॉलिटेयर की खरीददारी का सुनहरा मौका उपलब्ध कराया गया है। दीपावली ऑफर के तहत हर 10 हजार रूपये से अधिक आभूषण खरीद पर एक निश्चित उपहार ग्राहकों को दिया जा रहा है। श्री अग्रवाल का कहना है कि ग्राहको में विश्वास की परम्परा पीढ़ी-दर पीढ़ी चली आ रही है। अलंकार ज्वेलर्स सदैव यही कोशिश रहती है कि ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की ज्वेलरी वाजिब दाम में मिले। साथ ही क्रय-विक्रय में पूर्ण पारदर्शिता हो। यही वजह है कि अलंकार ज्वेलर्स ग्राहकों में अपनी एक अलग पहचान रखता है। शोरूम में हॉलमार्क गोल्ड, प्लेटिनम, सिल्वर व डायमण्ड ज्वेलरी का मनमोहक संग्रह व सोने-चांदी के सिक्के, मूर्तियां, बर्तन आदि उपलब्ध हैं। साथ ही एंटिक ज्वेलरी की नायाब रेंज के साथ सभी राशियों के राशि रत्न भी उपलब्ध हैं।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, पीड़िता के पिता ने दिनांक 05.08.2022 को थाना सलेहा में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि वह मजदूरी का काम करता है। दिनांक 05.08.2022 की सुबह लगभग 06:40 बजे वह अपने घर पर था तभी उसकी छोटी लड़की/पीड़िता रोजाना की तरह स्कूल पढ़ने की लिए कह कर गयी थी स्कूल से छुट्टी दोपहर 02 बजे होती थी और 03 बजे तक वह घर आ जाती थी लेकिन आज उसकी लड़की/पीड़िता घर वापस नहीं आयी तो उन लोगों ने स्कूल जाकर पता किया तो स्कूल के क्लास टीचर ने बताया कि पीडिता सबेरे से स्कूल नहीं आयी है, तब उन लोगों ने आस-पास गांव में एवं रिश्तेदारियों में पता किया. परंतु कोई पता नहीं चला। उसे शक है कि उसकी लड़की/पीड़िता को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है।

जिसके आधार पर गुमशुदा की रिपोर्ट लेखबद्ध की गयी। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध थाना सलेहा मे अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।













सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 80
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 100
छोटा ब्रॉयलर - रु. 110
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 114
मुर्गा मीडियम - रु. 104
मुर्गा बड़ा - रु. 84
मुर्गा जम्बो - रु. 78
मो.-9039925000, 9425800409

## दक्षिणी म्यांमार में बम विस्फोट, चार की मौत, छह घायल

**यांगून।** दक्षिणी म्यांमार के बागो क्षेत्र में एक खेत में गिराए गए बम की चपेट में आने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। सरकारी दैनिक अखबार द मिरर ने बुधवार को यह खबर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) द्वारा मंगलवार को स्थानीय समय अपराह्न में करीब 2:15 बजे बागो क्षेत्र के वाव टाउनशिप में तनावक्युन गांव के पास सिताउंग नदी के तट पर एक मैदान में किया गया।

# दुनिया के दूसरे छोर पर यहूदियों पर होने वाला था हमला, मोसाद ने ऐन वक्त पर चौंकाया

**तेलअवीव।** हमास के खिलाफ जारी लड़ाई के बीच इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। मोसाद के जासूसों ने ब्राजील में यहूदियों और इजरायल के ठिकानों पर होने वाले एक आतंकी हमले को नाकाम कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान समर्थित आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला इन हमलों की योजना बना रहा था। ऐसी कार्रवाई के बाद मोसाद को अपनी छवि को वापस पाने में मदद कर सकती है। इजरायील खुफिया एजेंसी को दुनिया का सबसे घातक एजेंसी माना जाता है।

हालांकि, हमास के द्वारा इजरायली शहरों पर हमले के बाद इस छवि को नुकसान पहुंचा है। इस कार्रवाई की पुष्टि ब्राजील की सरकार ने की है। उसने कहा कि यहूदियों पर आतंकी हमले की योजना को नाकाम कर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इस कार्रवाई में मोसाद ने मदद की है। ब्राजील के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, ब्राजील में




सुरक्षा बलों ने मोसाद की सहयोगियों के साथ मिलकर हिज्बुल्ला द्वारा सुनियोजित एक आतंकी हमले को नाकाम कर दिया है। इस ऑपरेशन को ईरान आर्थिक मदद दे रहा था। पुलिस ने एक बयान में कहा, उन्होंने साओ पाउलो, ब्रासीलिया और दक्षिणपूर्वी राज्य मिनस गेरैस में 11 जगहों पर रेड मारी है। वहीं, मोसाद ने कहा कि नियोजित हमले एक व्यापक नेटवर्क का हिस्सा थे जो अतिरिक्त देशों में संचालित थे, हालांकि उसने उनका नाम नहीं बताया है। सुरक्षा विशेषज्ञों ने ब्राजील, अर्जेंटीना और पैराग्वे के बीच सीमा क्षेत्रों में कथित हिजबुल्लाह गतिविधियों पर लंबे समय से नजर रखी है। ईरान समर्थित समूह लेबनान में स्थित है जहां संसद और सरकार में इसकी सीटें हैं।

इजरायली प्रधानमंत्री की वेबसाइट पर प्रकाशित मोसाद के बयान में कहा गया है, गाजा में युद्ध को देखते हुए हिजबुल्लाह और ईरानी शासन दुनिया भर में इजरायली, यहूदी और पश्चिमी ठिकानों पर हमला करने के लिए काम कर रहे हैं। इजरायल-गाजा युद्ध 7 अक्टूबर को तब शुरू हुआ जब आतंकी समूह हमास ने दक्षिणी इजरायल में कम से कम 1,400 लोगों को मार डाला और 200 से अधिक को बंदी बना लिया। इजरायल ने हमास पर युद्ध की घोषणा की और तब से गाजा पर लगातार बमबारी की, जिसमें 10,000 से अधिक लोग मारे गए। आपको बता दें कि हमास हिजबुल्लाह से संबद्ध है और गाजा को नियंत्रित करता है।

# हमारा हेलीकॉप्टर इंजन वापस करो, यूक्रेन युद्ध का हवाला दे रूस ने पाकिस्तान को दिया झटका

**नई दिल्ली।** पिछले 624 दिनों से रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। संघर्ष लंबा खिंचने के कारण रूस अब मुश्किल स्थिति में है। इसने अपने सैन्य हथियारों को फिर से हासिल करने की कोशिशों में पूर्व रक्षा सहयोगियों की ओर रुख किया है। इस कड़ी में मॉस्को ने विशेष रूप से भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान पर ध्यान केंद्रित किया है, जो कई वर्षों से रूस से सैन्य उपकरण खरीता रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, रूस ने इस्लामाबाद से हेलीकॉप्टर इंजन वापस करने को कहा है।



ये एमआई -35 एम हेलीकॉप्टर के आवश्यक हिस्से हैं, जिसका यूक्रेन में व्यापक इस्तेमाल किया जा रहा है। हालाँकि, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने ऐसी खबरों को खारिज कर दिया है और कहा है कि रूस ने ऐसे किसी अनुरोध के साथ उससे संपर्क नहीं किया है। डब्ल्यूएसजे की रिपोर्ट से साफ होता है कि रूस यूक्रेन युद्ध के बीच सैन्य प्रयासों में तत्काल सहायता तलाश रहा है।

उसे अंतरराष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों से कड़ी टक्कर मिल रही है। जंग के बीच रूस के रक्षा उद्योग पर भी व्यापक प्रभावों के संकेत हैं। इसलिए रूस ने पाकिस्तान से अपने हेलीकॉप्टर इंजन की मांग की है।

## आज का इतिहास

1483- ईसाई धर्म में एक नयी धारा की शुरुआत करने वाले मार्टिन लूथर का जन्म हुआ।
1766- न्यू जर्सी के अंतिम रॉयल गवर्नर विलियम फ्रैंकलिन ने क्वीन्स कॉलेज की स्थापना के लिए चार्टर पर हस्ताक्षर किए, जिसे अब रटगर्स विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है।
1785: हॉलैंड और फ्रांस ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
1793- फ्रांस में बलपूर्वक ईश्वर की पूजा कराने का नियम समाप्त किया गया।
1885: गोटलिएब देमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
1908 - कन्हाई लाल दत्त ने भारत की आज़ादी के लिए फाँसी के फंदे पर झूलकर शहादत दी।
1909- अमेरिकी संगीतकार और गीतकार जॉनी मार्क्स का जन्म हुआ।
1920- भारतीय मज़दूर संघ के संस्थापक दत्तोपन्त ठेंगडी का जन्म हुआ।
1940- रोमानिया के बुखारेस्ट में 7.7 तीव्रता के भूकंप में 1000 से अधिक लोग मारे गये तथा करीब चार हजार लोग घायल हुए।
1950- अमेरिकी लेखक विलियम फॉकनर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया।
1951- अमेरिका में पहली बार कोस्ट-टू-कोस्ट डायरेक्ट डायलिंग टेलीफोन सेवा शुरू की गयी।

## सुडोकू 6372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 8 | | | | 1 | | | 6 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | 3 | 1 | | | 7 | | |
| | 9 | | 8 | | 7 | | 3 | |
| | | 1 | | | 6 | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 1 | | | 2 | | | | 8 | |
| | | | 5 | | 9 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## मप्र में तीन सभाओं को संबोधित करेंगे मोदी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के तहत यहां तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी सतना, दोपहर एक बजे छतरपुर एवं शाम साढ़े चार बजे नीमच में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री ने बुधवार को भी राज्य में तीन सभाओं को संबोधित किया। यह सभाएं दमोह, गुना और मुरैना में हुईं। प्रधानमंत्री राज्य में लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी संबंध में उनकी लगातार सभाएं हो रहीं हैं। राज्य में आगामी 17 नवम्बर को मतदान होना है। इसके पहले इन दिनों चुनाव प्रचार जोरों पर है।

## सड़क दुर्घटना में तीन मतदान कर्मियों की मृत्यु

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में बुधवार को जगदलपुर-रायपुर मार्ग पर तीन मतदान कर्मियों की मौत हो गई। केशकाल थाना प्रभारी आनंद सोनी ने बताया कि तीन मतदान कर्मचारी जिनकी ड्यूटी केशकाल विधानसभा में लगा हुआ था, मतदान संपन्न कराकर कोंडागांव जिला मुख्यालय में मत पेटियां जमाकर एक वाहन में सवार होकर केशकाल की ओर आ रहे थे, बुधवार सवेरे जगदलपुर-रायपुर मार्ग पर बहिगांव के पास टक-बोलेरो के बीच जबरदस्त टक्कर से तीनों मतदान कर्मियों की मौत हो गई। मृतकों में शिक्षक शिव नेताम बेड़मा, शिक्षक संतराम नेताम, धनोरा तथा हरेन्द्र उइके शामिल है।

## राजस्थान में सपा देगी कांग्रेस को चुनौती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश के बाद राजस्थान में भी पांच उमीदवार उतार कर कांग्रेस के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। समाजवादी पार्टी राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष वंदना यादव ने बताया कि हमारी पार्टी यहां पर पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सपा ने यहां अलवर जिले की राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, थानागाजी, धौलपुर, नदबई और नगर सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं। हमें उम्मीद है कि पार्टी यहां अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## सख्त पहरे में रखी गईं ईवीएम मशीनें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहले चरण के तहत कबीरधाम जिले की पंडरिया व कवर्धा विधानसभा मतदान हुआ। देर रात तक मतदान दल ने सामग्री जमा की। वहीं बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक अजय कुमार गुप्ता, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे, रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कवर्धा एवं पंडरिया विस क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई।

# हमारा तो सारा पैसा चीन ही ले जा रहा, ड्रैगन पर भड़का पाक मीडिया, बोला- दोस्ती में घाटा ही हुआ

**इस्लामाबाद।** क्या दोस्ती के नाम पर कर्ज में डुबाने की चीन की रणनीति को पाकिस्तान ने समझ लिया है? पाकिस्तान की मीडिया का रुख तो ऐसा ही संकेत कर रहा है। पाकिस्तान के बड़े अखबार डॉन ने चीन के साथ देश के कारोबार पर ही सवाल उठाया है और कहा कि यह दोस्ती तो सिर्फ हमारे घाटे की ही रही है। इकॉनमी की समझ रखने वाले पत्रकार खुर्रम हुसैन ने अपने एक लेख में चीन के साथ पाकिस्तान के कारोबार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं और इसे ही पाक की बदहाली की वजह माना है।

वह लिखते हैं कि चीन के लिए पाकिस्तान कुछ अलग नहीं है। वह जो अन्य देशों से चाहता है, वही वह पाकिस्तान से भी ले रहा है। वह चीज है, कारोबार में मुनाफा। वह लिखते हैं, चीन के साथ 2010 से हमारा कारोबारी असंतुलन 90 अरब डॉलर है। इसका मतलब है कि माल और सर्विसेज के बदले में पाकिस्तान से 90 अरब डॉलर की भारी पूंजी चीन चली गई। इसके बाद हमने बड़ी रकम खाड़ी देशों से तेल खरीदने में खो दी। खुर्रम हुसैन कहते हैं कि चीन से बेहतर



तो हमारे लिए अमेरिका, यूरोप जैसे देशों से कारोबार करना है। वह लिखते हैं, अमेरिका के साथ हमारा कारोबार 34 बिलियन डॉलर के सरप्लस में है। ब्रिटेन से कारोबार 12 अरब डॉलर के सरप्लस में है। इसका अर्थ हुआ कि हम अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों से जो कमा रहे हैं, उसे चीन से कारोबार में खर्च कर देते हैं। दिलचस्प बात है कि यह वही चीन है, जिसे पाकिस्तान अपना सदाबहार दोस्त बताता है। कारोबारी घाटे के अलावा चाइना पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर और ग्वादर पोर्ट जैसी परियोजनाओं के लिए भी चीन ने पाकिस्तान को बड़ा लोन देकर दबा लिया है।

इस कॉरिडोर से भले ही चीन को अफगानिस्तान और फिर आगे मध्य एशिया तक पहुंचने का रास्ता मिल गया है, लेकिन पाकिस्तान को इससे कोई आर्थिक लाभ नहीं दिख रहा। खुर्रम लिखते हैं कि पाकिस्तान के अलावा भी चीन कई देशों से ट्रेड सरप्लस में है, लेकिन अब वे इसे समझ रहे हैं और कदम उठा रहे हैं। वह लिखते हैं कि भारत से भी चीन ट्रेड सरप्लस में है।

लेकिन भारत अपनी व्यापारिक नीति को अब तब्दील कर रहा है। वह कहते हैं कि यही हमारे और दूसरे देशों के बीच अंतर है। खुर्रम कहते हैं कि हमें चीन से भावनाओं के आधार पर रिश्ते नहीं रखने चाहिए बल्कि तथ्यों और जरूरत के हिसाब से बात करनी होगी। वह कहते हैं कि पाकिस्तान तो सतर्क होने की बजाय चीन और कर्ज लेता जा रहा है, जिससे संकट गहरा हो रहा है।

वह तो यह भी सुझाव देते हैं कि चीन के साथ फ्री ट्रेड अग्रीमेंट पर भी पाक को दोबारा विचार करना चाहिए। इससे चीन को ही फायदा मिल रहा है, जबकि हमारी रकम तो चली ही जा रही है।

## वर्ग पहेली 6372

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. गर्भपात
३. ऊटपटांग, बेढंगा
५. भवन-निर्माण, अंत:पुर का रक्षक
६. बचकर किनारे से निकलना, कतराना (मुहावरा
७. भर्त्सना करना
९. सहृदय, संवेदनशील संजीदा
१०. अफवाह, किंवदंती
१२. जल, पानी
१३. लोहे, लकड़ी आदि का चूरा
१४. जिसे अधिकार मिला हो, अधिकार संपन्न
१६. वायु, हवा
१८. भीतर
२०. सब कुछ जानने वाला परमेश्वर
२१. व्यापार (उर्दू)
२३. उसी समय का, तुरंत होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. अधीरता, उत्कंठा, अत्यधिक इच्छा
२. एक ही समय में हो या रहने वाला सम सामयिक
३. बहुत ज्यादा, प्रचुर
४. पारिश्रमिक
५. जगह की कमी
८. नाटक करने या लिखने वाला
१०. समुद्र
११. चांदी
१२. खिन्न, भावहृदय
१३. ऊंचा (उर्दू)
१४. नाराज, नाखुश
१५. आभार, उपकार मानने का भाव
१६. स्तंभ, स्तंभ रूप में बनी इमारत (उर्दू)
१८. करसम्पुट
१९. कामदेव की पत्नी
२२. गरम, उष्ण, तपा हुआ

## दिल्ली का यह बिजनेसमैन ब्रिटेन में लड़ रहा चुनाव, मेयर पद की ठोकी दावेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के प्रधानमंत्री के बाद ब्रिटेन को जल्द ही लंदन के अगले मेयर के रूप में भारतीय बिजनेसमैन मिल सकता है। दिल्ली के एक व्यवसायी तरूण गुलाटी ने लंदन के मेयर पद के लिए अपनी दावेदारी का ऐलान किया है। तकरीबन 20 साल से लंदन में रह रहे तरुण ने अपनी प्राथमिकताओं में मजबूत पुलिसिंग, किफायती आवास और सभी लंदनवासियों के के सुनहरे भविष्य के लिए जरूरी सुधार गिनाए हैं। 63 वर्षीय तरुण घुलाटी लंदन के अगले मेयर बनने के लिए जी-जान से मेहनत कर रहे हैं। 2 मई, 2024 को लंदन में मेयर पद के लिए चुनाव होना है। इसके लिए तरुण गुलाटी ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपनी दावेदारी ठोकी है। इस चुनावी लड़ाई में ब्रिटेन के प्रमुख राजनीतिक दलों के कई प्रमुख उम्मीदवार भी मैदान में हैं। फाइनेंस एक्सपर्ट और लंदन में हिन्दुओं के लिए काम करने वाले गुलाटी ने बेहतर पुलिसिंग, सस्ते आवास और लंदनवासियों के जीवन में सुधार की कसम खाई है। उनका वादा है कि मेयर चुने जाने पर वो शहर की तस्वीर बदलने के लिए सीईओ के रूप में काम करेंगे।

तरुण गुलाटी दिल्ली से लेकर मॉरीशस और कतर से लेकर यूके तक विभिन्न स्थानों पर काम कर चुके हैं। दो बच्चों के पिता गुलाटी को साल 2009 में ब्रिटेन की नागरिकता मिली थी। वह बताते हैं कि तब से ब्रिटेन उनका दूसरा घर है।

## जंग के बीच ईरान के ठिकाने पर अमेरिका की दूसरी एयरस्ट्राइक, हमले में 9 लोग

**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने दो हफ्तों के अंदर दूसरी बार सीरिया पर एयरस्ट्राइक की है। बुधवार को पूर्वी सीरिया में ईरान समर्थित समूहों के एक हथियार गोदाम पर अमेरिका के स्न-15 लड़ाकू विमानों ने बम बरसाए, जिसमें नौ लोगों की मौत की खबर है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने कहा कि सीरिया के इस हथियार गोदाम का इस्तेमाल ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और संबद्ध समूहों द्वारा किया जाता था।

जब से इजरायल-हमास जंग शुरू हुई है, तब से ईरान समर्थित समूहों ने इराक और सीरिया में अमेरिकी और गठबंधन सैनिकों पर कम से कम 40 बार हमला किया है, जिसमें 45 अमेरिकी सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एक बयान में, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि सीरिया में ईरानी ठिकानों पर हमले दो अमेरिकी एफ-15 लड़ाकू विमानों द्वारा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये हमले अमेरिकी बलों के खिलाफ हाल के हमलों के जवाब में किए गए हैं। अमेरिका का आरोप है कि इन्हीं गोदामों से ईरान मिडिल-ईस्ट में आतंकी समूहों का आतंक फैलाने का हथियार सप्लाई करता रहा है।

ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ हमले बंद होने चाहिए। ऑस्टिन ने कहा, अगर अमेरिकी सेना के खिलाफ ईरान के प्रतिनिधियों द्वारा हमले जारी रहे, तो हम अपने लोगों की सुरक्षा के लिए और आवश्यक कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे।

**राजनीति**

*राजस्थान में कोटा संभाग की 17 विधानसभा सीटों पर राजनीतिक दलों की टिकीं निगाहें*

# हाड़ोती में भाजपा को पुराने तो कांग्रेस को नए चेहरों से उम्मीदें

**कोटा। राजस्थान आगामी 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कोटा संभाग की 17 विधानसभा सीटों में भारतीय जनता पार्टी पुराने चेहरों पर निर्भर है तो कांग्रेस ने कुछ सीटों पर नए चेहरों पर भाग्य आजमाया है। कोटा जिले की सांगोद, पीपल्दा तो झालावाड़ जिले की झालरापाटन सीट इनमें प्रमुख है।**

हालांकि भाजपा ने भी पीपल्दा और बारां जिले की बारां-अटरू विधानसभा सीट पर नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है। कोटा जिले में कांग्रेस ने विधानसभा सीटों सांगोद और पीपल्दा में इस बार नए चेहरों पर दांव खेला है।

यह दोनों ही सीटें अभी कांग्रेस की कोटा जिले की छह में से उन तीन सीटों में शामिल है जहां से वर्तमान में भी कांग्रेस के ही विधायक हैं। इनमें से सामान्य वर्ग की पीपल्दा विधानसभा सीट से



कांग्रेस नेतृत्व ने मौजूदा विधायक रामनारायण मीणा का टिकट काटा है जो पूर्व में बूंदी जिले से विधायक रह चुके हैं और एक बार कुछ महीनों के लिए कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में बिल्कुल नई सीट पीपल्दा से

**■ कोटा जिले की सांगोद, पीपल्दा तो झालावाड़ जिले की झालरापाटन सीट इनमें प्रमुख**

विधायक चुने जाने के बाद जी-तोड़ कोशिश करने के उपरांत भी वे अशोक गहलोत मंत्रिमंडल में जगह नहीं पा सके। हालांकि वे पूर्व में राजस्थान विधानसभा के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। कांग्रेस ने पीपल्दा से इस बार इस सीट पर एकदम नए और युवा चेहरे चेतन पटेल पर दांव खेला है। 31 वर्षीय चेतन पटेल ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में बहुत बढ़ चढ़ कर भाग लिया था और इसी दौरान कांग्रेस के बड़े नेताओं से नजदीकी संपर्क बनाने में कामयाब है जिसका लाभ उन्हें मिला। भाजपा ने भी यहां से नए चेहरे प्रेम गोचर को अपना प्रत्याशी बनाया। कोटा जिले की सांगोद में मौजूदा कांग्रेस विधायक और पूर्व में कैबिनेट मंत्री रह चुके भरत सिंह कुंदनपुर के चुनाव लड़ने में असमर्थता जताने के बाद यहां से कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में नए देहात अध्यक्ष बने भानु प्रताप सिंह को चुनाव लड़ाने का फैसला किया है जो कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में युवक कांग्रेस के निर्वाचित अध्यक्ष भी रह चुके हैं लेकिन अब भरत सिंह उनके खिलाफ खड़े हो गए हैं क्योंकि भानु प्रताप सिंह उनके स्थान पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में उनकी प्राथमिकता में शामिल नहीं थे। वे सांगोद अध्यक्ष कुशल पाल सिंह या ब्लॉक अध्यक्ष पूजा सिंह कमोलर को टिकट दिलवाने चाहते थे लेकिन पार्टी की पसंद बने भानु प्रताप सिंह जिनके बारे में यह कहा जा रहा है कि उन्हें अंता से विधायक खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के प्रयासों से टिकट मिला है और जैन से भरत सिंह की नाराजगी तो जगजाहिर है। कांग्रेस ने झालरापाटन सीट पर अरसे बाद स्थानीय व्यक्ति रामलाल चौहान को चुनाव मैदान में उतारा है।

## वर्ग पहेली-6371

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रू | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्य | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## मैक्सवेल की पारी याद कर टूर्नामेंट में आगे बढ़ती रहे ऑस्ट्रेलियाई टीम : रिकी पोंटिंग



**पुणे**। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान के खिलाफ ग्लेन मैक्सवेल की 128 गेंदों में नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी से भरपूर विश्वास ले और इसे अपनी छठी जीत के लिए एक प्रेरणादायक क्षण के रूप में उपयोग करे। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की मैच जिताऊ अविजित साझेदारी की। कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल ने केंद्र स्तर पर कदम रखा, हैमस्ट्रिंग से जूझते हुए अकेले ही सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया। आईसीसी ने पोंटिंग के हवाले से कहा, उनके पास बड़े क्षणों को जीतने में सक्षम होने की क्षमता है और आज एक बड़ा क्षण था क्योंकि वे अब विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और उम्मीद है कि वे आगे और ऊपर जाएंगे।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल की जिंदा रखी उम्मीद



**बेंगलुरु**। न्यूजीलैंड ने आज शानदार गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे 45 रन, रचिन रविंद्र 42 और डैरिल मिचेल 43 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत श्रीलंका को आईसीसी विश्वकप के 41वें मुकाबले में पांच विकेट से हराते हुए अपनी सेमीफाइनल की उम्मीद को जिंदा रखा है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को डेवन कॉन्वे और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के 86 रनों की साझेदारी की। 13वें ओवर में डेवन कॉन्वे 45 रन को चमीरा ने धनंजय के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उसके बाद 14वें ओवर में रचिन रविंद्र 42 रन को थीक्षणा की गेंद पर धनंजय ने लपक लिया। 19वें ओवर में कप्तान केन विलियमसन 14 रन को मैथ्यूज ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। चौथे विकेट के रूप में मार्क चैपमैन सात रन पर रन आउट हुए। 23वें ओवर में डैरिल मिचेल 43 के रूप में न्यूजीलैंड का पांचवां विकेट गिरा। उन्हें मैथ्यूज ने असलंका के हाथों कैच आउट कराया। ग्लेन फ़िलिप्स 17 रन और टॉम लेथम दो रन नाबाद रहते हुए 23.2 ओवर में 172 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। श्रीलंका की ओर से एंजलो मैथ्यूज ने दो विकेट लिये। महीश थीक्षणा और दुष्मंथा चमीरा को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले एम चिन्?नास्?वामी स्?टेडियम में आज न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम ने बेहद खराब शुरुआत की है। तीन रन पर टिम साउदी ने पथुम निसांका दो रन को विकेटकीपर डेवोन कॉन्वे के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 30 रन पर श्रीलंका का दूसरा विकेट कुसल मेंडिस छह रन के रूप में गिरा। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने रचिन रवींद्र के हाथों कैच कराया। सदीरा समरविक्रमा एक रन बनाकर आउट हुए उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। इसके बाद चरिथ असालंका आठ रन बनाकर आउट हुए। कुसल परेरा 28 गेंदों में 51 रन को फ़र्ग्युसन की गेंद पर सैटनर ने कैच आउट किया। एंजेलो मैथ्यूज 27 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल सैंटरन ने उन्हें डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। चमिका करुणारत्ने 17 गेंद में छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। लॉकी फर्ग्यूसन ने उन्हें टॉम लाथम के हाथों कैच कराया। दुष्मंता चमीरा 20 गेंद में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। रचिन रवींद्र ने उन्हें ट्रेंट बोल्ट के हाथों कैच कराया। 128 के स्कोर पर नौ विकेट गिरने के बाद महीश थीक्षणा नाबाद 38 रन और दिलशान मदुशंका 19 रन ने दसवें विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 171 तक पहुंचा। मदुशंका को रविंद्र ने लेथम के हाथों कैच आउट कराकर 47 ओवर में श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट लिये। लॉकी फ़र्ग्युसन, मिशेल सैंटनर और रचिन रविंद्र को दो-दो विकेट मिले। जबकि टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### बोल्ट 600 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले तीसरे कीवी गेंदबाज बने

**बेंगलुरु**। ट्रेंट बोल्ट गुरुवार को एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज बन गए। श्रीलंका के कुसल मेंडिस के विकेट के साथ बोल्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट पूरे कर यह उपलब्धि हासिल की। वह मौजूदा साथी टिम साउदी और पूर्व कप्तान डेनियल वेटोरी के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे कीवी गेंदबाज बन गए। 34 साल के बोल्ट ने अब तक सिर्फ 315 पारियों में 25.73 की शानदार औसत से 601 विकेट लिए हैं। इससे पहले मैच में बोल्ट वनडे विश्व कप इतिहास में 50 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज भी बने। बोल्ट वनडे विश्व कप इतिहास में 50 या अधिक विकेट लेने वाले तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क, जो 59 विकेट के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं और पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम का नाम शामिल है।

### कुसल परेरा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया सबसे तेज अर्धशतक

कुसल परेरा ने गुरुवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप 2023 का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। कुसल परेरा ने 22 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और विश्व कप इतिहास में किसी श्रीलंकाई खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक भी बनाया। 2015 में स्कॉटलैंड के खिलाफ एंजेलो मैथ्यूज की 20 गेंदों में अर्धशतकीय पारी किसी श्रीलंकाई द्वारा सबसे तेज है। दिनेश चांडीमल 22 गेंदों में विश्व कप अर्धशतक बनाने वाले दूसरे श्रीलंकाई हैं। परेरा से पहले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और श्रीलंका के कुसल मेंडिस के नाम मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड था। उन्होंने क्रमशः न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 गेंदों पर अर्द्धशतक बनाए। हालांकि, परेरा को लॉकी फर्ग्यूसन ने 28 गेंदों में 51

## मैक्सवेल की शानदार पारी पर मैकडोनाल्ड्स ने कहा, यह हर किसी के लिए भावनात्मक उतार-चढ़ाव वाला समय

**पुणे**। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स ने स्वीकार किया कि वह अफगानिस्तान पर तीन विकेट से मिली जीत के दौरान टीम के नेट रन रेट पर ग्लेन मैक्सवेल के प्रभाव के बारे में सोच रहे थे और उन्होंने कहा कि 201 रन की आश्चर्यजनक नॉटआउट पारी देखना उनके लिए यादगार था। यह हर किसी के लिए एक भावनात्मक रोलरकोस्टर था। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की अविजित साझेदारी की।

कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल ने केंद्र स्तर पर कदम रखा, पिंडली, हैमस्ट्रिंग और पैर की उंगलियों में ऐंठन और खराब बैक से जूझते हुए अकेले ही सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया।

वह पुरुष एकदिवसीय मैचों में दोहरा शतक बनाने वाले पहले गैर-सलामी बल्लेबाज और ऑस्ट्रेलिया के पहले पुरुष बल्लेबाज बन गए जिन्होंने इस प्रारूप में दोहरा शतक बनाया। यह हर किसी के लिए एक भावनात्मक रोलरकोस्टर था। मैकडोनाल्ड्स ने कहा, बातचीत में से एक थी, नेट रन रेट के लिए इसका क्या मतलब है, और फिर जैसे-जैसे हर रन आगे बढ़ता गया और ग्लेन ने कुछ अद्भुत शॉट खेलना शुरू कर दिया, आप नेट रन रेट के लिए इसका क्या मतलब है, के बीच उतार-चढ़ाव की तरह बहने लगे। बस जो हो रहा था उसकी सराहना करना। एसईएन रेडियो पर मैकडोनाल्ड्स ने कहा, पारी की रचनात्मक प्रतिभा देखने लायक थी। मुझे ख़ुशी है कि मैं कह सका कि मैं उस रात वहाँ था। उसकी पिंडली, हैमस्ट्रिंग, क्वाड्स, पेट, हर जगह ऐंठन हो रही थी। अफगानिस्तान पर तीन विकेट की जीत का मतलब यह भी है कि ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। दिन के दौरान परिस्थितियाँ बहुत गर्म थीं, उस धूप में क्षेत्ररक्षण करने से आपको बहुत परेशानी होती है और उन्होंने नौ या दस ओवर भी फेंके। आप यह सब एक साथ रखते हैं और एक रात के सत्र में दुर्भाग्य से एक बार जब आपको ऐंठन शुरू हो जाती है तो उससे छुटकारा पाना और उस पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है।

इसने उसे लगभग पूरी तरह से पटरी से उतार दिया जैसा कि आपने देखा जब वह जमीन पर लेटा हुआ था, ऐसा लग रहा था कि एडम ज़म्पा को उसकी जगह लेनी होगी। रास्ता खोजने की क्षमता, कुछ समय तक विकेटों के बीच न दौड़ना, शांत खड़े रहना और शॉट खेलना जो उसने किया वह पहले से ही शानदार पारी में एक और परत जोड़ता है। पांच बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शनिवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ने पर लीग चरण में जीत के साथ समापन करने की उम्मीद करेगा।

## भारत पर उलटफेर भरी जीत हासिल कर सकते हैं : तेजा निदामानुरु



**पुणे**। हालांकि नीदरलैंड 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से बाहर हो गया है, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज तेजा निदामानुरु का मानना है कि उनकी टीम रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में भारत पर उलटफेर भरी जीत हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि मजेदार बातें खेल में हुई हैं। इंग्लैंड से 160 रनों की हार के बाद नीदरलैंड्स की सेमीफाइनल की उम्मीदें खत्म हो गईं और अब वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनाने के लिए रविवार को बेंगलुरु में भारत पर जीत की जरूरत है, जो इस समय प्रतियोगिता में अजेय है, और यह जीत 2025 चैंपियंस ट्रॉफी क्वालीफिकेशन के लिए जरूरी है। यह क्रिकेट का खेल है। इसलिए, यह संभव हो सकता है। हम अपने ब्रांड का क्रिकेट खेलते हैं। हम वही करते हैं जो हम अच्छा करते हैं। हमारे पास गेंद के कुछ बेहतरीन पैंतरे हैं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो स्पिन को अच्छी तरह से खेल सकते हैं। हमारे पास ऐसे लोग भी हैं जो विकेट ले सकते हैं। यह वास्तव में स्पष्ट है कि आपको थोड़े से भाग्य की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे एक बहुत मजबूत टीम हैं और वे बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। लेकिन खेल में मजेदार चीजें हुई हैं। यकीनन कॉम्प में सर्वश्रेष्ठ टीम से खेलने के लिए मौका मिलना कुछ ऐसा है जिससे हम बहुत उत्साहित हैं और यह हमारे लिए एक और अवसर है।

निदामनुरु ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हर बार जब हम पार्क में कदम रखते हैं, तो हम अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे होते हैं, विशेष रूप से विश्व कप में और उस यात्रा के दौरान जो हमने किया है। हम किसी भी मैच को अपने ऊपर नहीं लेते हैं। मैं निश्चित रूप से भारत के खिलाफ रविवार को वहां पहुंचने के लिए उत्सुक हूं। नीदरलैंड ने भी बेन स्टोक्स का मौका गंवा दिया, जब उन्हें 41 रन पर आर्यन दत्त की गेंद पर लोगान वैन बीक ने फाइन लेग पर जीवनदान दिया। इंग्लैंड के करिश्माई ऑलराउंडर ने अंततः 84 गेंदों पर 108 रन बनाए और जीत का आधार तैयार किया।

जब बड़े मैच की बात आती है और उन आधे मौकों को भुनाने की बात आती है, तो हम निश्चित रूप से एक क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में ऐसा करने पर गर्व करते हैं और हम उनका बहुत अभ्यास भी करते हैं। इसलिए, हमारे लिए, यह थोड़ा निराशाजनक है, लेकिन फिर, मुझे नहीं लगता कि आप इसे केवल एक अवसर तक सीमित रख सकते हैं।

## बटलर को ऐसी खराब फॉर्म में पहले कभी नहीं देखा : नासिर हुसैन

**पुणे**। पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि मौजूदा 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में कप्तान जोस बटलर बल्ले से पूरी तरह से लय में नहीं हैं और उन्होंने इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को पहले कभी इस तरह की खराब फॉर्म में नहीं देखा था। बटलर आठ पारियों में केवल 13.87 की औसत से 111 रन बनाने में सफल रहे, टूर्नामेंट में आग लगाने में असमर्थ रहे। पुणे में नीदरलैंड पर इंग्लैंड की 160 रन की जीत में एक बार फिर एकल अंक के स्कोर पर आउट होने के बाद, बटलर ने स्वीकार किया कि वह अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से निराश थे।

बटलर बुरी तरह से खराब स्थिति में हैं। मुझे नहीं लगता कि मैंने उन्हें कभी इस तरह के रूप में देखा है - या तो लंकाशायर शर्ट, समरसेट शर्ट या इंग्लैंड शर्ट में। वह इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद खिलाड़ी हैं। इसलिए यदि आप मुझसे पूछ रहे हैं कि टीम के अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के प्रमुख कारणों में से एक क्या है, तो इसका कारण यह है कि उनकी फॉर्म में ऐसी गिरावट है जैसा हमने पहले कभी नहीं देखा है। जब आप किसी खिलाड़ी



के पास जा रहे हैं, जैसे आज लियाम लिविंगस्टोन के साथ, और कह रहे हैं %हम तुम्हें बाहर छोड़ रहे हैं दोस्त%, तो आप उन निर्णयों को लेते समय स्वयं रन बनाना चाहेंगे। वह कड़ी मेहनत कर रहा है, और टीम में उनकी शारीरिक भाषा काफी अच्छी है लेकिन वह इस समय एक भी रन नहीं खरीद सकते। हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, हम सभी भूल जाते हैं कि खराब स्थिति का मतलब क्या होता है। आपका दिमाग पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। फॉर्म को कायम रखना और बनाए रखना अविश्वसनीय रूप से कठिन चीज है। एक बार जब आप इसे प्राप्त कर लेते हैं, तो इसे कभी भी जाने न दें क्योंकि यह अस्थिर है।

हालाँकि बेन स्टोक्स ने 84 गेंदों में 108 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई, यह उनका पहला वनडे विश्व कप शतक था और गेंदबाजों ने मिलकर नीदरलैंड को 37.2 ओवर में 179 रन पर आउट कर दिया, बीच के ओवरों में कुछ कैच छूटे, जिसने हुसैन का ध्यान खींचा। वे (इंग्लैंड) अच्छे थे। लेकिन मैदान में कुछ लापरवाही थी। अगर आप कुछ शीर्ष देशों को लगातार आधार पर हराना चाहते हैं तो आपको 100 प्रतिशत होने की जरूरत है। और वह फिर से ढह गए । लेकिन अन्य टीमों , नीदरलैंड की तुलना में बेहतर टीमें , के खिलाफ आपको इसके लिए भुगतान करना होगा। जब ऐसा हो रहा है तो वे पतन को रोक नहीं सकते हैं, और उन्हें बचाने के लिए स्टोक्स और वोक्स की साझेदारी की जरूरत पड़ी। स्टोक्स के शतक की बात करते हुए हुसैन ने उनकी पारी की जमकर तारीफ की। वह एक अविश्वसनीय क्रिकेटर है। उसकी गति में बदलाव है; हमने इसे टेस्ट क्रिकेट में देखा है, 50 ओवर के क्रिकेट में, हमने इसे विश्व फाइनल में देखा है। वह सामान्य, मानवीय गति से आगे बढ़ रहा था लेकिन फिर वह उस स्विच को फ्लिक करता है और हिटिंग मोड में चला जाता है। और एक बार जब वह ऐसा करता है, तो इससे बेहतर कुछ नहीं होता, खासकर जब लेगसाइड पर हिट होता है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, हो सकता है कि वह भारत के खिलाफ कुछ गलत हो गया हो, मोहम्मद शमी ने उस पर 10 गेंदों का स्पैल डाला, जहां वह उसे दूर नहीं कर सका और फिर थोड़ी सी हैक के कारण बोल्ड हो गया। हमेशा वह इसे सही करता है और, आज, उन्होंने इसे बिल्कुल सही पाया। जाहिर तौर पर इंग्लैंड पहले ही विश्व कप से बाहर हो चुका है, लेकिन यहां एक ऐसा व्यक्ति है, जो हर बार जब भी खेलता है, तब भी अपना सब कुछ झोंक देगा।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 0 | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |


**न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मण्डला (पीठासीन अधिकारी श्रीमती शालू सिरोही चौकसे)**

**उ.प्र.क्रं.-41/2023 नियत दिनांक 20/12/2023**

प्रेमसिंह धुर्वे पिता तिलकराम धुर्वे 41 वर्ष निवासी वार्ड नं.-05 डिण्डौरी रोड नीचे टोला मैनपुरी सकवाह तह. बिछिया जिला मंडला....... आवेदक

**विरुद्ध**

01.कनिष्ट यंत्री लोकनिर्माण विभाग मंडला जिला मंडला 02- आम जनता ........... अनावेदकगण

**आम इश्तहार**

इस इश्तहार के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमसिंह धुर्वे द्वारा इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तरा. अधि. का प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के चाचा अनावेदक क्र-01 के अधिनस्थ कार्यरत रहे है तथा सेवा काल के दौरान ही उनका निधन हो गया है आवेदक के चाचा स्व. जहरसिंह की पत्नि पूर्व में ही फौत हो चुकी है इस तरह इस आवेदक के अतिरिक्ति कोई अन्य उत्तराधिकारी नहीं है जिसके आधार पर आवेदक द्वारा मृतक जहरसिंह के सेवा काल के दौरान की जमाशुदा राशि जो अनावेदक क्र.-01 के कार्यालय में जमा है को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की मांग करते हुए यह आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक के द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु दावा प्रस्तुत किया गया था उक्त प्रकरण दिनांक 20/02/23 को नियत है।

आम जनता को इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति को उक्त वाद के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आगामी पेशी दिनांक 20.02.23 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, उक्त नियत दिनांक को किसी कारण वश अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में इस न्यायालय में स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता/ प्रतिनिधि जिसे प्रकरण की जानकारी हो के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे यदि नियत दिनांक 20.12.23 तक आपत्तिकर्ता प्रकरण में उपस्थित नहीं होते हैं तो यह माना जावेगा कि आवेदक मृतक के वैध वारसान है तथा उसे उत्तराधिकारी घोषित कर उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा

यह इश्तहार आज दिनांक 06.11.23 को मेरी पद मुद्रा एवं न्यायालय के अधीन जारी किया गया।

स्थान

दिनांक 06.11.23

**(शालू सिरोही चौकसे)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड, मण्डला**





*धनवन्तरी जयंती एवं धनतेरस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं*

सभी स्वस्थ्य रहें प्रसन्न रहें

**अष्टांग चिकित्सालय**

पाईल्स चिकित्सा केन्द्र

क्षारकर्म एवं लेजर चिकित्सा

डॉ. धर्मेन्द्र पाण्डेय
पंचकर्म एवं क्षारसूत्र व लेजर विशेषज्ञ

डॉ. प्रतिमा पाण्डेय
महिला रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ

पुराना अनुभव नई तकनीक

स्थान बाहरी रोड इतवारा बाजार कंदेली नरसिंहपुर, फोन नं. 07792-230934



**महत्वपूर्ण दस्तावेज गुम हुआ**

थाना कुम्हारी आसपास में जाते समय लिपिक चौहान ने जानकारी दी कुछ महत्वूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं की कार क्रमांक एमपी 34 सी.ए. 4083 एनओसी लेटर गुम गया जिसकी सूचना थाना कुम्हारी में लिखित आवेदन दिया। दूसरी बनाने के लिए आवेदन सादर प्रस्तुत किया है।


## ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने पदार्पण के लगभग 13 साल बाद 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। लैनिंग महिला बिग बैश लीग और महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग सहित घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलना जारी रखेंगी। क्रिकेट के इतिहास में किसी भी कप्तान ने लैनिंग से अधिक विश्व कप ट्राफियां नहीं जीती हैं, जो ऑस्ट्रेलियाई खेल के सबसे सफल लीडर्स में से एक के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने किसी भी अन्य महिला खिलाड़ी से अधिक 182 मौकों पर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की और टीम को ऐतिहासिक पांच विश्व कप खिताब दिलाए।

लैनिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की जीत दर 80 प्रतिशत थी और 2018 और 2021 के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में लगातार जीत (26) का विश्व रिकॉर्ड बनाया। सात बार की विश्व कप विजेता और तीन बार की बेलिंडा क्लार्क पदक विजेता ने 241 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8,352 रन बनाए। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 17 शतक बनाए। अपनी सेवानिवृत्ति पर बोलते हुए, लैनिंग ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था, लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। मैं 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रही हूं। लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है। टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मैं जो हासिल कर पायी हूं उस पर मुझे गर्व है और मैं इस दौरान टीम साथियों के साथ साझा किए गए ।

## सार संक्षेप

### पुरुष प्रीमियर लीग में खेलेंगे दिल्ली के 11 टॉप क्लब

**नई दिल्ली**। दिल्ली फुटबॉल एसोसिएशन (डीएसए) के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने गुरुवार को दूसरी पुरुष प्रीमियर लीग के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि 16 नवंबर से आयोजित होने वाली लीग में राजधानी के 11 जाने माने क्लब डबल लेग में खेलेंगे। डीएसए के अध्यक्ष ने आज यहां कहा कि दिल्ली की फुटबाल का हाल का प्रदर्शन चौंकाने वाला रहा है। संतोष ट्रॉफी और अन्य आयुवर्ग के राष्ट्रीय आयोजनों में दिल्ली ने बड़ी कामयाबी पाई है। नतीजन कई खिलाड़ी आई लीग में खेल रहे है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दूसरे आयोजन में गत विजेता वाटिका एफसी और उपविजेता गढ़वाल एफसी फिर से दावेदारों में शामिल हैं। उद्घाटन मैच वाटिका और सीआईएसएफ प्रोटेक्टर के बीच 11 बजे खेला जाएगा। भाग लेने वाले क्लब हैं- दिल्ली एफसी, फ्रेंड्स यूनाइटेड, गढ़वाल हीरोज, सीआइएसएफ प्रोटेक्टर, भारतीय वायुसेना, रॉयल रेंजर्स, सुदेवा दिल्ली, तरुण सांघा, अहबाब, रेंजर्स एससी और गत विजेता वाटिका एफसी। अनुज गुप्ता के अनुसार दिल्ली की फुटबाल के चर्चे पूरे देश में हैं। दिल्ली लीग आयोजन के मामले में जल्दी ही नंबर एक पर पहुंचने वाली है।

### लीजेंड्स ट्रॉफी के साथ ताज नगरी पहुंचे दिग्गज

**आगरा**। क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए वंदे भारत ट्रेन से 'भारत भ्रमण' पर निकले दिग्गज क्रिकेटर गुरुवार को लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के साथ ताजनगरी आगरा पहुंचे जहां उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। इंग्लैंड के मोंटी पनेसर 'ताजमहल' की खूबसूरती निहारने के लिये ट्रेन से उतर गये जबकि दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स, सैयद किरमानी और ईश्वर पांडे आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गए। लीजेंड्स लीग क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण 18 नवंबर से शुरू हो रहा है। लीग नौ दिसंबर तक लीग चलेगी। लीग पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापटनम और सूरत में आयोजित की जाएगी।

### सुडोकू 6372 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |


| SENSEX | BSE | 64832.20 ▼ 143.41 | 19395. 30 ▼ 48.20 | MCX | Gold 59905 ▼ 104 | silver 70832 ▼ 218 |
|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 83.29 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख और विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच बृहस्पतिवार को रुपया सीमित दायरे में रहा और डॉलर के मुकाबले एक पैसे की बढ़त के साथ 83.29 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा में रुपया 83.25 पर खुला और अंत में डॉलर के मुकाबले 83.29 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त है। दिन में कारोबार के दौरान रुपया सीमित दायरे में रहा। इसने 83.25 के उच्चस्तर को छुआ और यह 83.29 के निचले स्तर तक भी आया। बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



## इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश अक्टूबर के दौरान 42 प्रतिशत बढ़कर 19,957 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में प्रवाह अक्टूबर में माह-दर-माह आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 19,957 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। छोटी कंपनियों के कोषों के प्रति निवेशकों का आकर्षण कायम रहने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश प्रवाह बेहतर हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया ने गुरुवार को इस बारे में आंकड़े जारी किए हैं। सितंबर माह में इस श्रेणी में 14,091 करोड़ रुपये का निवेश आया था। इससे पहले अगस्त में निवेश 20,245 करोड़ रुपये था।

अक्टूबर लगातार 32वां माह रहा है जबकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का प्रवाह सकारात्मक रहा है। इस श्रेणी को स्मॉलकैप फंड को मिले 4,495 करोड़ रुपये के कोष से बढ़ावा मिला। इसके बाद थिमेटिक कोष में 3,896 करोड़ रुपये का प्रवाह आया। इक्विटी के अलावा, बॉन्ड आधारित योजनाओं में अक्टूबर में शुद्ध रूप से 42,634 करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पिछले दो माह के दौरान इस खंड से निकासी देखने को मिली थी। इस खंड से सितंबर में 1.01 लाख करोड़ रुपये और अगस्त में 25,873 करोड़ रुपये निकाले गए थे। कुल मिलाकर, 44 कंपनियों वाले म्यूचुअल फंड उद्योग में समीक्षाधीन महीने में 80,528 करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ।

# अरहर के आयात में हो रही देर, दाम बढ़े

*__नई दिल्ली।__ मोजाम्बिक के बंदरगाहों पर भारत भेजी जा रही कम से कम 1,50,000 टन अरहर की दाल अटकी हुई है। भारत विश्व में अरहर का सबसे बड़ा उत्पादक व उपभोग करने वाला देश है। लेकिन जनवरी की नई फसल आने से पहले साल के अंतिम पखवाड़े में आयातित अरहर पर आश्रित रहता है। भारत में मंगवाई जाने वाली आधी से अधिक अरहर का आयात मोजाम्बिक से होता है।*



मोजाम्बिक की खेप में देरी होने के कारण प्रोटीन युक्त इस दाल के दाम चढ़ने शुरू हो गए हैं। भारत में इसे तूर दाल के नाम से भी जाना जाता है। त्योहारी मौसम के दौरान इसकी खपत बढ़ जाती है। मोजाम्बिक की खेप देर से आने के कारण भारत में बीते दो महीनों के दौरान थोक मूल्य में करीब 10 प्रतिशत इजाफा हो गया है। आपूर्ति कम होने के मौसम में स्टॉक भी कम हो गया है। इससे इस महीने होने वाले कुछ राज्यों में चुनावों और अगले साल के आम चुनावों से पहले खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि होनी शुरू हो गई है। हालांकि कुछ निर्यातकों ने निर्यात की अनुमति हासिल कर ली है और उन्हें 50,000 टन अरहर की खेप भेजने की अनुमति मिल गई है। खबरों के मुताबिक मोजाम्बिक के कृषि मंत्रालय ने अक्टूबर में जारी बयान साझा किया है। इस बयान के मुताबिक सीमा शुल्क की प्रक्रिया के दौरान 22 सितंबर से स्वच्छता व गुणवत्ता से संबंधित प्रमाणपत्र रद्द कर दिया गया था क्योंकि 400 प्रमाणपत्र जाली या या संदेहास्पद मिले थे। हालांकि इन्हें बाद में लाइसेंस जारी कर दिया गया था। अरहर की प्रमुख फसल वाले क्षेत्रों में अगस्त और अक्टूबर के दौरान कम बारिश होने से 2023/24 के दौरान अरहर का उत्पादन गिरने की आशंका है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक भारत को 31 मार्च, 2024 तक 12 लाख टन अरहर के दाल की आयात की जरूरत हो सकती है जबकि बीते साल भारत ने 8,94,420 टन अरहर का आयात किया था। एक आयातक ने कहा कि- खेप में देरी के कारण हाल के हफ्तों में अरहर की दाल की मूल्य 100 डॉलर प्रति टन बढ़ गया है। उन्होंने कहा, 'मोजाम्बिक को पता है कि भारत को इस साल स्थानीय फसल खराब होने के कारण आयातित अरहर की दाल की अत्यधिक जरूरत है। वे इस स्थिति का फायदा उठा रहे हैं।'

उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बीते महीने नई दिल्ली में मोजाम्बिक के उच्चायुक्त एमिंडौ ए. परेरा से मुलाकात की थी। परेरा ने आश्वासन दिया था कि भारत में खेप की आपूर्ति सामान्य की जाएगी। लेकिन स्थिति में सुधार नहीं आया है।

# वैश्विक बाजार में चीनी की कीमत 12 साल के उच्चतम स्तर पर

*__नई दिल्ली।__ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमत 28 सेंट प्रति पाउंड से बढ़कर 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। भारत से निर्यात में भारी गिरावट और ब्राज़ील में लॉजिस्टिक समस्याओं के कारण चीनी की आपूर्ति में कमी देखी जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमत लगातार कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच रही है।*



अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन द्वारा अनुमानित 15-दिवसीय औसत कीमत हाल के हफ्तों में 26 सेंट से ऊपर रही है। भारत ने चीनी पर निर्यात प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यहां भाव बढ़ने के बाद ऐसा किया गया है। सरकार चाहती है कि कीमत नियंत्रण में रहे, खासकर त्योहारी सीजन के दौरान। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है और निर्यात में कटौती का असर वैश्विक बाजार पर पड़ता है। भारत ने मिलों को 2022-2023 सीज़न के दौरान केवल 6.2 मिलियन टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी थी, जो 30 सितंबर को समाप्त हुआ। देश में इस साल 2018 के बाद से सबसे कमजोर मानसून देखा गया है और चालू सीजन में गन्ने के उत्पादन में गिरावट की आशंका है, जिससे कीमत बढ़ने का असर मुद्रास्फीति पर पड़ सकता है। व्यापार अनुमान के अनुसार, भारत में चीनी की कीमत दूसरी तिमाही में साल-दर-साल 5-8 प्रतिशत बढ़ी है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) के अनुसार, 2023-24 विपणन वर्ष में भारत का चीनी उत्पादन 8 प्रतिशत गिरकर 33.7 मिलियन मीट्रिक टन होने की संभावना है।इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि कुछ चीनी को इथेनॉल बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। चीनी मिलों ने पिछले विपणन वर्ष में इथेनॉल उत्पादन के लिए 4.1 मिलियन टन चीनी का उपयोग किया था और इस वर्ष भी इतनी ही मात्रा आवंटित की जा सकती है। इससे व्यापार जगत में यह आशंका पैदा हो गई है कि घरेलू कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार चालू सीजन में चीनी का निर्यात बंद भी कर सकती है।

# पतंजलि का शुद्ध लाभ दोगुना होकर 254.53 करोड़ रुपये पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष (2023-24) की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना होकर 254.53 करोड़ रुपये रहा है। पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 112.28 करोड़ रुपये रहा था।

**कंपनी की कुल आय घटकर 7,845.79 करोड़ रुपये रह गई-** जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय घटकर 7,845.79 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8,524.67 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का कुल खर्च भी 8,371.03 करोड़ रुपये से घटकर 7,510.71 करोड़ रुपये रह गए।

**महेंद्र सिंह धोनी को सनरिच का ब्रांड एम्बैसडर बनाने की घोषणा की-** कंपनी ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को महाकोश तथा सनरिच का ब्रांड एम्बैसडर बनाने की घोषणा भी की। बयान के अनुसार, धोनी का साथ कंपनी के खाद्य तेल खंड को मजबूत करेगा।

वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में खाद्य एवं एफएमसीजी खंड ने 2,487.62 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया। पतंजलि फूड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव अस्थाना ने कहा कि चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद वित्त वर्ष की पहली छमाही सकारात्मक रुख पर समाप्त हुई।

## केनरा बैंक ने ऋण पर ब्याज दरें 0.05 प्रतिशत बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने अपनी विभिन्न परिपक्वता अवधि की बेंचमार्क ऋण दर में 0.05 प्रतिशत की वृद्धि की है। इससे बैंक का कर्ज महंगा होगा। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बैंक ने कहा कि उसने विभिन्न परिपक्वता अवधि के लिए कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर में 0.05 प्रतिशत की वृद्धि की है। नई दर 12 नवंबर से लागू होगी। अब एक साल की एमसीएलआर 8.75 प्रतिशत होगी। अभी यह दर 8.70 प्रतिशत है। एक साल की एमसीएलआर के आधार पर बैंक ज्यादातर उपभोक्ता ऋण मसलन वाहन, व्यक्तिगत और आवास ऋण की दरें तय करते हैं। एक दिन, एक माह, तीन माह और छह माह की एमसीएलआर में भी 0.05 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

# धनतेरस से पहले सेंसेक्स 143 अंक फिसला, निवेशकों के 72,000 करोड़ हुए स्वाहा



*__मुंबई।__ धनतेरस से पहले सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुआ. मिडकैप इंडेक्स हल्की बढ़त पर बंद हुआ. रियल्टी, ऑटो और पीएसई शेयरों में खरीदारी रही जबकि एफएमसीजी, आईटी और फार्मा शेयरों पर दबाव रहा. कारोबार के अंत में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.41 अंक यानी 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 64,832.20 के स्तर पर बंद हुआ.*

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 48.20 अंक यानी 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 19395.30 के स्तर पर बंद हुआ. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 9 नवंबर को घटकर 319.78 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो 8 नवंबर को 320.50 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 72,000 करोड़ रुपये घटा है यानी निवेशकों की संपत्ति में करीब 72,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.

**मूडीज ने 2023 के लिए भारत के ग्रोथ रेट अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर कायम रखा-** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2023 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 फीसदी पर बरकरार रखा है. मूडीज का मानना है कि देश में मजबूत घरेलू मांग की वजह से निकट भविष्य में वृद्धि की रफ्तार कायम रहेगी. प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण निर्यात कमजोर रहने से मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024-25 में कहा कि घरेलू मांग में सतत बढ़ोतरी भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है.

# देश में दिवाली पर 3.5 लाख करोड़ से ज़्यादा और धनतेरस पर 50 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

*__नई दिल्ली/जबलपुर।__ नवरात्रि से शुरू हुए दिवाली त्यौहारों के सीजन में दिल्ली सहित देश भर के बाज़ारों में ग्राहकों की बड़ती संख्या को लेकर बड़ा उत्साह है और अब करवा चौथ के पर्व के बाद दिवाली की ख़रीदारी के लिए ग्राहक भी बाज़ारों का रुख़ करने लगे है। कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा इस वर्ष के दिवाली सीजन में देश भर के बाज़ारों में 3.5 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा व्यापार होने का अनुमान लगाया गया है धनतेरस के मौके पर देशभर में देशभर में 50,000 कररोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार होने की उम्मीद जताई जा रही है.*

धनतेरस के मौके पर लोग जमकर खरीदारी करते हैं जिसके लिए कारोबारीयों ने जमकर तैयारी कर रखी है. शुक्रवार 10 नवंबर, 2023 को धनतेरस है. लेकिन बाजार में आज गुरूवार 9 नवंबर से लेकर 12 नवंबर दिवाली तक धूम रहने वाली है. ट्रेडर्स की मानें तो इस दिवाली बाजार में लोकल फॉर वोकल को ज्यादा तवज्जो दी जा रही है जिसके चलते चीन को करीब एक लाख करोड़ के कारोबार का झटका लग सकता है. कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कर्मियों के लिए बोनस की घोषणा एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी अपने कर्मियों को त्यौहारों का बोनस दिये जाने तथा प्राइवेट सेक्टर में भी अपने कर्मचारियों को दिवाली बोनस एवं अन्य इंसेंटिव दिये जाने से बाज़ार में त्यौहारों के सीजन में माँग में निश्चित रूप से वृद्धि होगी वहीं महीने के प्रारंभ में ही दिवाली एवं अन्य त्यौहारों के पड़ने से ग्राहकों की जेब में त्यौहार पर खर्च करने के लिए पर्याप्त मात्रा में धनराशि होगी जो ख़रीदी के ज़रिए बाज़ारों में आएगी और व्यापार एवं अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर वित्तीय तरलता आएगी । कैट प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने बताया कि इस वर्ष शुरुआत से ही हर त्यौहार में आम उपभोक्ता के बीच भारत में बने सामान की काफी डिमांड बड़ी है। उन्होंने बताया कि पैकिंग क्षेत्र को भी दिवाली पर बड़ा व्यापार मिलेगा। श्री भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने बताया कि दिवाली पर्व के सीजन की श्रृंखला में 5 नवम्बर को अहोई अष्टमी, 10 नवम्बर को धनतेरस, 12 नवंबर को दिवाली, 13 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 15 नवम्बर को भाई दूज, 17 नवम्बर को छठ पूजा तथा 23 नवम्बर को तुलसी विवाह के साथ दिवाली का त्यौहार सीजन समाप्त होगा।

**पहले मतदान फिर दुकान**

कैट वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदेश जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, प्रदेश सचिव दीपक सेठी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (महिला विंग) सीमा सिंग चौहान एवं कैट जबलपुर के अध्यक्ष रोहित खटवानी एवं सचिव मनु शरत तिवारी ने सभी से आग्रह किया है कि इस चुनाव सभी व्यापारी बंधु अपने परिवार के साथ अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालें। अपने दुकान के कर्मचारी को भी पूरा समय दे उनके परिवार को मतदान करने के लिए एवं अपनी दुकान में आए समस्त ग्राहकों को भी अवश्य वोट मतदान करने का आग्रह किया है।



## आरबीआई पूरी तरह सतर्क, मॉनेटरी पॉलिसी का जोर महंगाई कम करने पर - शक्ति कांत दास



*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय बैंक पूरी तरह से सतर्क है और मौद्रिक नीति का रुख आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के साथ महंगाई को काबू में लाने पर है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।*

**फिन टेक परिवेश ग्राहक केंद्रित- गवर्नर दास-** दास ने तोक्यो में एक संगोष्ठी में आरबीआई के वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिन टेक) परिवेश का जिक्र करते हुए कहा कि यह ग्राहक केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बेहतर संचालन व्यवस्था, प्रभावी निरीक्षण, नैतिक रूप से उपयुक्त गतिविधियां और जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने और स्व-नियामक संगठन के माध्यम से फिनटेक के स्व-नियमन को प्रोत्साहित करने पर ध्यान है।

**13 नवंबर को जारी होगा अक्टूबर महीने का महंगाई का आंकड़ा-** दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने अपनी अक्टूबर की बैठक में 2023-24 के लिये खुदरा मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो 2022-23 के 6.7 प्रतिशत से कम है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में घटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गयी है। अक्टूबर महीने का महंगाई का आंकड़ा 13 नवंबर को जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति खाद्य कीमतों के झटकों को लेकर संवेदनशील बनी हुई है। वहीं मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति जनवरी, 2023 में अपने उच्चस्तर पर पहुंचने के बाद 1.70 प्रतिशत नीचे आ चुकी है।

# दीपावली पर महंगी हुई मिठाई



**नई दिल्ली।** देशभर के बाजारों में दीपावली धूम है। दीपोत्सव के दूसरे सामानों के साथ मिठाई की दुकानें चमक धमक के साथ तैयार हैं बिक्री भी जमकर हो रही है लेकिन कीमतें पिछले साल की अपेक्षा 10-15 फीसदी ज्यादा है। मिठाई के दाम बढ़ने के पीछे सबसे अहम वजह चीनी महंगी होना बताया जा रहा है जबकि सालभर में चीनी के दामों में बहुत ज्यादा अंतर नहीं हुआ है। चीनी उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि आने वाले दिनों में भी चीनी के दामों में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं होने वाला है क्योंकि देश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक होने के साथ घरेलू बाजार में चीनी की कीमतें नियंत्रित करने वाली सरकारी नीति है।

**त्योहारी सीजन में चीनी की मांग बढ़ी-** कोई भी त्यौहार मिठाइयों के बिना पूरा नहीं होता। त्योहारी सीजन में हमेंशा की तरह इस बार भी चीनी की मांग बढ़ गई है । पिछले एक महीने में चीनी के दाम औसतन तीन फीसदी बढ़े हैं। एम-30 चीनी की एक्स-मिल दर मुंबई में 38.50 रुपये, कानपुर में एम-30 का एक्स-मिल रेट 39.30 रुपये, कोलकाता में एम-30 की एक्स-मिल कीमत 39.80 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं खुदरा बाजार में 8 नवंबर 2023 को मुंबई में एम-30 चीन का खुदरा दाम 47 रुपये, दिल्ली में 45 रुपये, कोलकोता में 48 रुपये, चेन्नाई में 43 रुपये, कानपुर में 46 रुपये और रायपुर में 42 रुपये प्रति किलोग्राम थी। जो एक साल पहले से औसतन करीब पांच रुपये अधिक हैं। एक साल मुंबई खुदरा बाजार में चीनी 42 रुपये प्रति किलोग्राम थी। **घरेलू बाजार में चीनी की कीमतें नियंत्रण में-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतें हर दिन रिकॉर्ड बना रही है जबकि घरेलू बाजार में कीमतें नियंत्रण में हैं।

घरेलू चीनी की कीमतों पर नियंत्रित होने की वजह सरकार की सख्त निगरानी मानी जाती है। दरअसल, सरकार ने अक्टूबर और नवंबर दोनों महीनों के लिए चीनी मिलों को किश्तों के अनुसार चीनी बेचने का निर्देश दिया था। सरकार ने चीनी मिलों को 15 नवंबर 2023 तक 15 लाख टन चीनी कोटा आवंटित किया है। जल्द चीनी की एक और किश्त की घोषणा किए जाने की उम्मीद है।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 61800 चांदी रिफाइन - 73000

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 61800 चांदी रिफाइन - 73000


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.28 |
| एक यूरो | 89. 19 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 102 . 22 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 40 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 84 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-114 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

**चुनाव प्रचार**

चुनाव हेतु प्रचार एनाऊंसमेंट गीत रिकार्डिंग बनवाने अंतिम समय

सम्पर्क- अमित परनामी (उदघोषक) आवाज स्टूडियो, जबलपुर मो.नं. 7000837560 9329995050


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## त्रयोदशी पर धनतेरस के साथ ही दीपोत्सव का श्रीगणेश, ये है खरीदारी का शुभ मुहूर्त

**जबलपुर, देशबन्धु**। धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव आरंभ हो जायेगा। आज शुक्रवार को कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी पर धनतेरस भगवान धनवंतरि के जन्मोत्सव के साथ ही हिन्दूधर्मावलंबी माता अन्नपूर्णा का पूजन-अर्चन करेंगे। धनतेरस के दिन व्यापारिक प्रतिष्ठान सहित घरों में श्रद्धालु भगवान धनवंतरि का पूजन-अर्चन करेंगे और अपने व्यापार और परिवार के सदस्यों को निरोगी रखने की कामना करेंगे। भगवान धनवंतरि पूजन करने वाले भक्तों को सुख, सौभाग्य और धन आगमन के मार्ग को प्रशस्त करेंगे। पं. वासुदेव शास्त्री के अनुसार इस वर्ष शुभ मुहूर्त शाम 7 से 11 बजे तक रहेगा। इसी दिन भगवान धनवंतरि ने आयुर्वेद का भी प्रादुर्भाव किया था। दीपावली पर कार्तिक त्रयोदशी को भगवान धनवंतरि की पूजा होगी।

**करते हैं यमराज के लिए दीपदान**- भगवान धनवंतरि अपने भक्तों को हर तरह के रोगों से मुक्ति दिलाते हैं। भगवान धनवंतरि को सनातन धर्म में आयुर्वेद का प्रवर्तक और देवताओं का भी वैद्य माना जाता है। इसलिए कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को भगवान धनवंतरि की पूजा करना चाहिए। स्कंद पुराण के अनुसार इस दिन अपमृत्युनाश के लिए शाम को घर से बाहर यमराज के लिए दीपक का दान करने का विधान है। इसके अलावा काशी विश्वनाथ मंदिर के पास मां अन्नपूर्णा मंदिर में दर्शन पूजन भी होगा।